दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

● नई दिल्ली शुक्रवार 19 जून -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 176 पेज-09 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3


## होर्मुज से 'आजाद और बेखौफ' गुजर रहे जहाज... डील के बाद सामने आई तस्वीर



**नई दिल्ली।** ईरान और अमेरिका के बीच जंग खत्म करने के लिए हुई डील के बाद खाड़ी इलाको में हालात फिर से नॉर्मल होने के संकेत मिलने लगे हैं। गुरुवार को सऊदी अरब के झंडे वाले तीन बड़े तेल टैंकर, जिनमें करीब 60 लाख बैरल कच्चा तेल लदा था, स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से होकर गुजरे। यह घटनाक्रम उस समय सामने आया जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ युद्ध समाप्त करने संबंधी समझौते पर हस्ताक्षर किए।

इस समझौते के बाद स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से राहत की तस्वीरें सामने आई हैं, जहां से ऑयल टैंकर और शिप की आवाजाही अब आराम से हो रही है। हालांकि खाड़ी क्षेत्र में तनाव कम होता दिखाई दे रहा है।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष की उपलब्धियों को बताने के लिए कई कार्यक्रमों में शामिल हुए बृजेश पाठक

### सड़क, बिजली, पानी और रोजगार जैसे बुनियादी मुद्दों पर केंद्र सरकार ने व्यापक कार्य किए : बृजेश पाठक




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने गुरुवार को गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पहुंचकर स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और स्मार्ट सिटी परियोजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने 50 इलेक्ट्रिक डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों और दो ट्रिपल-आर वाहनों को हरी झंडी दिखाई। साथ ही नगर निगम द्वारा तैयार कचरा पृथक्करण संबंधी जागरूकता वीडियो का शुभारंभ किया। साथ ही इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (ट्रैफिक कंट्रोन रूम) का निरीक्षण किया। शेष, पृष्ठ 8

### डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने निगम की पहल को बताया खास



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने गुरुवार को गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पहुंचकर स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और स्मार्ट सिटी परियोजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने 50 इलेक्ट्रिक डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों और दो ट्रिपल-आर वाहनों को हरी झंडी दिखाई। साथ ही नगर निगम द्वारा तैयार कचरा पृथक्करण संबंधी जागरूकता वीडियो का शुभारंभ किया। साथ ही इंटीग्रेटेड कमांड एंड शेष, पृष्ठ 6

### 'प्राकृतिक खेती अपनाने से बढ़ेगी किसानों की आय, घटेगी लागत'



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने गुरुवार को गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पहुंचकर स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और स्मार्ट सिटी परियोजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने 50 इलेक्ट्रिक डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों और दो ट्रिपल-आर वाहनों को हरी झंडी दिखाई। साथ ही नगर निगम द्वारा तैयार कचरा पृथक्करण संबंधी जागरूकता वीडियो का शुभारंभ किया। साथ ही इंटीग्रेटेड कमांड एंड शेष, पृष्ठ 6

### बृजेश पाठक ने गिनाई केंद्र सरकार की उपलब्धियां




गाजियाबाद करंट क्राइम। केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विकास भवन में आयोजित तीन दिवसीय जनकल्याणकारी प्रदर्शनी के दूसरे दिन उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कार्यक्रम में भाग लेकर विभिन्न विभागों की योजनाओं और उपलब्धियों का अवलोकन किया। उनके आगमन पर जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ और मुख्य विकास अधिकारी कुमार सौरभ ने शेष, पृष्ठ 6

### नगर निगम के हाईटेक कंट्रोल सेंटर पहुंचे डिप्टी सीएम



गाजियाबाद करंट क्राइम। केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विकास भवन में आयोजित तीन दिवसीय जनकल्याणकारी प्रदर्शनी के दूसरे दिन उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कार्यक्रम में भाग लेकर विभिन्न विभागों की योजनाओं और उपलब्धियों का अवलोकन किया। उनके आगमन पर जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ और मुख्य विकास अधिकारी कुमार सौरभ ने शेष, पृष्ठ 2

### डिप्टी सीएम ने किया सफाई मित्रों का सम्मान




गाजियाबाद करंट क्राइम। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने नगर निगम मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शहर की स्वच्छता व्यवस्था में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सफाई मित्रों को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने सफाई कर्मियों को पानी की बोतल और लंच बॉक्स भेंट कर उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ बनाए रखने में सफाई मित्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम में महापौर सुनीता दयाल और नगर शेष, पृष्ठ 2


## सुर्खियों में है मेयर का वैलकम यूनिपोल अंदाज

### डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का वैलकम और यूनिपोल का प्रचार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मेयर सुनीता दयाल का अपना एक अलग अंदाज है। वो आमतौर पर प्रचार-प्रसार से खुद को दूर रखती हैं। उनका एक स्टाइल है जो सोशल मीडिया पर दिखाई देता है। मुद्दों को लेकर वो ऑन द स्पॉट जाती हैं, वो जमीनों को अवैध कब्जे से मुक्त कराती हैं। पार्टी की मूल कार्यकर्ता हैं तो पार्टी के प्रति अपना एक कर्त्तव्य निभात है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक गाजियाबाद आए। वो कलक्ट्रेट गए, वो नगर निगम मुख्ययाल गए, वो वाल्मीकि पार्क भी गए। केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिये कार्यक्रम चल रहे हैं। ऐसे में सभी ने होर्डिंग लगाए थे, लेकिन मेयर सुनीता दयाल का होर्डिंग सुर्खियों में है। उन्होंने डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के वैलकम को लेकर यूनिपोल पर सड़क के दोनों तरफ स्वागत वाले होर्डिंग लगाए। प्रचार-प्रसार भी कह सकते हैं और डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का स्वागत भी कह सकते हैं, लेकिन कलक्ट्रेट के सामने सड़क के दोनों ओर यूनिपोल पर मेयर के होर्डिंग दिखाई दिये। सवाल यूनिपोल का नहीं है, सवाल दो होर्डिंग का नहीं है, सवाल अब निगम के क्षेत्र से निकल लोकसभा तक जा पहुंचा है। आमतौर पर महापौर ऐसे प्रचार से बचते हैं, लेकिन ये स्वागत वाला प्रचार भविष्य की राजनीति की ओर संकेत कर रहा है। कहने वाले यही कह रहे हैं कि स्वागत कोई नई बात नहीं है लेकिन ये अंदाज अब आगामी सियासी भविष्य की तैयारी से जुड़ा है। वैसे भी एक चर्चा अब शुरू हो गई है कि लोकसभा की तैयारी अभी से शुरू हो गई है। 2027 के शुरू से ही इस दिशा में और तेजी आ जाएगी। चर्चा इसलिए प्रबल है कि इस होर्डिंग पर निगम का 'लोगो' और साथ में भगवा कमल है।




## हज-2027 के इच्छुक समय रहते पासपोर्ट बनवाएं



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कैलाश चन्द्र तिवारी ने बताया कि हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा हज-2027 के लिए प्रारंभिक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। हज आवेदन के लिए केवल मशीन-पठित (मशीन रीडेबल) पासपोर्ट मान्य होगा तथा पासपोर्ट की वैधता कम से कम 31 दिसंबर 2027 तक होना अनिवार्य है।

उन्होंने हज यात्रा के इच्छुक लोगों से अपील की कि जिनके पास निर्धारित अवधि तक वैध पासपोर्ट नहीं है, वे तत्काल नया पासपोर्ट बनवाएं या नवीनीकरण कराएं। साथ ही पासपोर्ट में सरनेम का कॉलम भरा होना आवश्यक है। हज-2027 की घोषणा के साथ ही ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो सकती है, इसलिए सभी आवेदक आवश्यक दस्तावेज पहले से तैयार रखें।

## सपा के 28 सांसद बीजेपी नेतृत्व के संपर्क में, यूपी की राजनीति में जल्द आएगा भूचाल : नंदकिशोर गुर्जर

### लोनी विधायक का बड़ा दावा, बोले- मोदी की नीतियों से प्रभावित हैं कई दलों के सांसद-विधायक

#### समाजवादी पार्टी में जल्द ही बड़ी टूट देखने को मिल सकती है : विधायक नंदकिशोर गुर्जर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लोनी विधानसभा से भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने उत्तर प्रदेश की राजनीति को लेकर बड़ा दावा करते हुए कहा है कि समाजवादी पार्टी में जल्द ही बड़ी टूट देखने को मिल सकती है।

उन्होंने कहा कि सिर्फ सपा ही नहीं, बल्कि देश के कई राजनीतिक दलों के सांसद और विधायक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से प्रभावित हैं और उनके समर्थन में खड़े हैं। नंदकिशोर गुर्जर ने दावा किया कि समाजवादी पार्टी के 28 सांसद भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के संपर्क में हैं और आने वाले समय में प्रदेश की राजनीति में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार नेताजी सुभाष चंद्र बोस के आह्वान पर लोग आजाद हिंद फौज से जुड़े थे, उसी तरह आज राष्ट्र निर्माण के लिए लोग प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों के साथ जुड़ रहे हैं।




### विपक्ष पर साधा निशाना

करंट क्राइम : भाजपा विधायक ने कहा कि विपक्षी दल लगातार भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि देश और प्रदेश की जनता विकास और सुशासन की राजनीति के साथ खड़ी है। उन्होंने दावा किया कि विभिन्न दलों के जनप्रतिनिधि भी मोदी सरकार की नीतियों से प्रभावित हैं।

### राम मंदिर प्रकरण जांच पर बोले नंदकिशोर गुर्जर प्रदेश सरकार पूरी निष्पक्षता से कर रही कार्य

करंट क्राइम : राम मंदिर प्रकरण से जुड़े मामले में चल रही एसआईटी जांच पर प्रतिक्रिया देते हुए नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि प्रदेश सरकार पूरी निष्पक्षता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जांच अपनी प्रक्रिया के अनुसार आगे बढ़ रही है और इसके निष्कर्ष आने के बाद सच्चाई सबके सामने होगी। उन्होंने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा एसआईटी पर उठाए जा रहे सवाल निराधार हैं। गौरतलब है कि इससे पहले उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री ओम प्रकाश राजभर तथा उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी समाजवादी पार्टी में संभावित टूट को लेकर इसी प्रकार के दावे कर चुके हैं।

## खोड़ा के 10 हिस्ट्रीशीटर पुलिस की रडार पर, कभी भी हो सकती है बड़ी कार्रवाई

### सूर्या हत्याकांड और असद एनकाउंटर के बाद अपराधियों पर शिकंजा कसने की तैयारी, मोहर्रम को लेकर भी हाई खास अलर्ट

गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** खोड़ा में चर्चित सूर्या हत्याकांड और उसके मुख्य आरोपी असद के पुलिस एनकाउंटर के बाद पुलिस का अभियान लगातार जारी है। अपराध और असामाजिक तत्वों पर लगाम कसने के लिए पुलिस ने अब क्षेत्र के 10 सक्रिय एवं आदतन अपराधियों को चिन्हित कर उन पर कड़ी निगरानी शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार इन अपराधियों के खिलाफ किसी भी समय बड़ी कार्रवाई की जा सकती है। पुलिस कमिश्नरेट के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक डीसीपी ट्रांस हिंडन धवल जायसवाल के निर्देशन में तैयार की गई सूची में ऐसे अपराधियों को शामिल किया गया है, जिनके खिलाफ खोड़ा, इंदिरापुरम, दिल्ली और गौतमबुद्ध नगर समेत विभिन्न क्षेत्रों में गंभीर धाराओं के कई मुकदमे दर्ज हैं। इन सभी की गतिविधियों पर पुलिस की विशेष टीम लगातार नजर बनाए हुए है।



### ये हैं पुलिस की निगरानी सूची में शामिल अपराधी

करंट क्राइम : सूत्रों के अनुसार रंजीत मंडल, हजरत उर्फ हंटे, अवधेश उर्फ मिंटू, मोनिश उर्फ यूनिस, अखिलेश उर्फ तोप, दीपक उर्फ दीपू, दीपक उर्फ भूरा, मोबीन, शान मोहम्मद और अरुण कुमार निवासी आजाद समेत कई अपराधी पुलिस के रडार पर हैं। इन सभी का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है और इनके संपर्कों की भी निगरानी की जा रही है।

### डीसीपी का अपराधियों को साफ संदेश

करंट क्राइम : सूर्या हत्याकांड के बाद पुलिस जिस तरह लगातार कार्रवाई कर रही है, उससे अपराधियों में खौफ का माहौल है। डीसीपी धवल जायसवाल का मानना है कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए हिस्ट्रीशीटरों और सक्रिय अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई जरूरी है।



### मोहर्रम को लेकर खोड़ा में विशेष सतर्कता

करंट क्राइम : खोड़ा क्षेत्र में सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने और आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव और थाना प्रभारी खोड़ा नरेश शर्मा लगातार शांति समिति की बैठकों का आयोजन कर रहे हैं। क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से संवाद स्थापित कर आपसी भाईचारे और शांति बनाए रखने की अपील की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह, भड़काऊ गतिविधि या माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी व्यापक रणनीति तैयार की जा रही है, ताकि मोहर्रम का पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

# कार्रवाई हो रही है तेज, लेकिन वारदातें भी हैं बेलगाम

## 30 दिनों में हत्याएं, लूट और चोरी की घटनाओं ने बढ़ाई चिंता

गाजियाबाद, करंट क्राइम। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में लगातार अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाने, सत्यापन कराने और ऑपरेशन क्लीन जैसे अभियानों का दावा कर रही है। कई चर्चित मामलों का खुलासा भी हुआ है और आरोपियों की गिरफ्तारी से लेकर एनकाउंटर तक की कार्रवाई सामने आई है। इसके बावजूद बीते करीब एक से डेढ़ महीने के दौरान जिले में हुई सनसनीखेज हत्याएं, लूट और चोरी की बड़ी घटनाएं कानून व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर रही हैं।

खोड़ा के सूर्या चौहान हत्याकांड से लेकर पैरालंपिक खिलाड़ी चिराग त्यागी की हत्या और लोनी के चर्चित दूध कारोबारी ओमकार हत्याकांड तक, कई घटनाओं ने पूरे जिले को झकझोर दिया।



वहीं राजनगर आरडीसी स्थित तनिष्क शोरूम में करोड़ों की चोरी, गोविंदपुरम मंदिर में पुजारी से लूट और बुजुर्ग महिला से कुंडल लूट की घटनाओं ने आम लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि अधिकांश मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन लगातार सामने आ रही बड़ी वारदातें यह संकेत दे रही हैं कि अपराधियों में पुलिस का खौफ अभी भी पूरी तरह स्थापित नहीं हो पाया है। गाजियाबाद पुलिस का कहना है कि हर बड़ी घटना में त्वरित कार्रवाई की गई है और अधिकांश मामलों में आरोपी सलाखों के पीछे पहुंच चुके हैं। लेकिन लगातार सामने आ रही सनसनीखेज वारदातें यह बताती हैं कि अपराध नियंत्रण की चुनौती अभी खत्म नहीं हुई है। हत्या, लूट, चोरी और जानलेवा हमलों की बढ़ती घटनाओं के बीच सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब ऑपरेशन क्लीन, सत्यापन अभियान और लगातार पुलिस कार्रवाई जारी है, तो आखिर अपराधियों के हौसले क्यों नहीं टूट रहे? पुलिस कमिश्नरेट के लिए अब सबसे बड़ी चुनौती सिर्फ अपराध खोलना नहीं, बल्कि अपराध होने से पहले उसे रोकना है।

### ऑपरेशन क्लीन के बावजूद नहीं थमा क्राइम रेट



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट में बीते दिनों अपराधियों के सत्यापन अभियान, किरायेदार सत्यापन, होटल-ढाबा चेकिंग और ऑपरेशन क्लीन जैसे विशेष अभियान चलाए। हजारों लोगों का सत्यापन किया गया और संदिग्धों पर कार्रवाई भी हुई। इसके बावजूद हत्या, लूट, चोरी और फायरिंग जैसी घटनाओं में अपेक्षित कमी दिखाई नहीं दी। हालात यह हैं कि लगभग हर सप्ताह कोई न कोई बड़ी वारदात सुर्खियां बन रही है। पुलिस घटनाओं के बाद त्वरित कार्रवाई कर रही है, लेकिन अपराध होने से पहले रोकथाम की व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

### प्रमुख घटनाक्रम

#### खोड़ा में सूर्या चौहान हत्याकांड

करंट क्राइम : बकरीद के दिन खोड़ा क्षेत्र में असद नामक युवक ने सूर्या चौहान की हत्या कर दी थी। घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव का माहौल बन गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया और बाद में मुठभेड़ में घायल कर ढेर कर दिया। यह मामला पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बना।



#### पैरालंपिक खिलाड़ी चिराग त्यागी की हत्या

करंट क्राइम : राष्ट्रीय स्तर के पैरालंपिक खिलाड़ी चिराग त्यागी की हत्या ने सभी को हैरान कर दिया। जांच में सामने आया कि उसका करीबी दोस्त ही हत्यारा निकला। दोस्ती के रिश्ते में हुई इस हत्या ने खेल जगत समेत पूरे जिले को झकझोर दिया। पुलिस ने मामले का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।



#### लोनी का चर्चित ओमकार हत्याकांड





करंट क्राइम : दूध कारोबारी ओमकार अचानक लापता हो गया था। बाद में हत्या की आशंका जताई गई। करीब 15 दिन बाद 200 किलोमीटर दूर उसका शव बरामद हुआ। इस मामले ने पूरे प्रदेश में सनसनी फैला दी थी। पुलिस लगातार मामले की जांच और आरोपियों की तलाश में जुटी रही।

#### तनिष्क शोरूम में करोड़ों की चोरी

करंट क्राइम : राजनगर आरडीसी स्थित तनिष्क ज्वेलरी शोरूम में करोड़ों रुपये के आभूषण चोरी हो गए। यह घटना गाजियाबाद की सबसे चर्चित चोरी की वारदातों में शामिल रही। हालांकि पुलिस ने महज चार दिन के भीतर मामले का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।




#### गोविंदपुरम मंदिर में पुजारी से मारपीट और लूट

करंट क्राइम : गोविंदपुरम स्थित मंदिर में बदमाशों ने पुजारी के साथ मारपीट कर लूटपाट की। घटना के बाद क्षेत्र में रोष देखने को मिला। पुलिस जांच में जुटी है लेकिन खबर लिखे जाने तक मामले का पूर्ण खुलासा नहीं हो सका था।



# महाराणा प्रताप चौक पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा का भव्य अनावरण

## सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने किया अनावरण, मंत्री सुनील शर्मा व पूर्व मंत्री सुरेश राणा ने महाराणा प्रताप के शौर्य और राष्ट्रभक्ति को किया नमन









**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा स्थित महाराणा प्रताप चौक पर अखंड राजपूताना सेवा संस्थान के तत्वावधान में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा का भव्य अनावरण समारोह आयोजित किया गया। संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष केपी सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में कानपुर देहात के सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने प्रतिमा का अनावरण किया। उत्तर प्रदेश सरकार के आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री तथा साहिबाबाद विधायक सुनील कुमार शर्मा एवं पूर्व गन्ना मंत्री सुरेश राणा ने संयुक्त रूप से समारोह में सहभागिता की।

समारोह की अध्यक्षता उद्योगपति एवं समाजसेवी रुद्र प्रताप सिंह ने की। कार्यक्रम में श्री श्री 1008 स्वामी विज्ञानानंद महाराज, चौधरी यशपाल सिंह, साठा-84 के अध्यक्ष घासीराम, रक्षपाल सिंह, विक्रम सिंह, पूर्व विधायक एवं चिकित्सक वीपी सिंह तथा इतिहासविद् ओमेंद्र रत्नू सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि देवेंद्र सिंह भोले ने कहा कि महाराणा प्रताप ऐसे योद्धा थे जिन्होंने समाज के उपेक्षित वर्ग भीलों को साथ लेकर विदेशी आक्रांताओं के विरुद्ध संघर्ष किया और राष्ट्र की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने कभी आत्मसमर्पण नहीं किया और उनका जीवन त्याग, बलिदान तथा राष्ट्रभक्ति की अनुपम मिसाल है। पूर्व गन्ना मंत्री सुरेश राणा ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक नाम नहीं बल्कि वीरता, स्वाभिमान और संघर्ष की पहचान हैं। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप की गुरिल्ला युद्ध नीति आज भी दुनिया के लिए प्रेरणा का विषय है। उन्होंने युवाओं से महाराणा प्रताप के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि महाराणा प्रताप और राणा सांगा भारतीय इतिहास के ऐसे महायोद्धा हैं जिनका शौर्य आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।

उन्होंने समाज से अपने बच्चों और युवाओं को भारतीय संस्कृति, सभ्यता और गौरवशाली इतिहास से जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति की रक्षा और उसके मूल्यों को आगे बढ़ाने के लिए समाज को संगठित होकर कार्य करना होगा। संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष केपी सिंह ने बताया कि महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापना और अनावरण कार्यक्रम को सफल बनाने में साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा का विशेष सहयोग रहा। इसके अलावा पार्षद नरेश भाटी, गौरव सोलंकी, राजकुमार भाटी, अनिल तोमर, प्रमोद राघव, पूर्व पार्षद संजय शर्मा तथा भाजपा नेता विजय मोहन सहित



अनेक लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में विजयपाल सिंह, डॉ. जी.एस. चौहान, धीरज तोमर, भानु शिशोदिया, सुप्रिया सिंह, सीमा सिंह, डॉ. प्रवीण सिंह पुंडीर, आरपी सिंह तोमर, सुरेंद्र सिंह तोमर, अजय तोमर, आशीष राघव, संदीप सिंह, विनोद भाटी, प्रेमपाल सिंह सिसोदिया, दीप तोमर, दीप्ति सिंह, प्रशांत सिसोदिया, वीरेंद्र सिंह कुशवाहा, भूपेंद्र सिंह, सत्यपाल सिंह चौहान, बृज बिहारी सिंह, रानीता सिंह, संजय तोमर, दीपांशी पुंडीर, डॉ. जीपीएस चौहान, शालिनी अमित, गोपाल सिंह जायस, तेजवीर सिंह सिसोदिया और रघुनाथ सिंह कच्छावा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# कॉल सेंटर वाली 'दुल्हनिया'

## कानपुर में फर्जी मैरिज ब्यूरो का पर्दाफाश




**क्राइम**

### 'हलो... मैं आपकी दुल्हन बोल रही हूं' 23 हसीनाएं फोन पर ऐसे फंसाती थीं शिकार

**कानपुर।** कानपुर में शादी के नाम पर ठगने वाला गिरोह सोशल मीडिया और मेट्रिमोनियल वेबसाइटों से मोबाइल नंबर और अन्य जानकारी जुटाता। टेलीकॉलर युवतियां मैरिज काउंसलर, रिलेशनशिप एडवाइजर बनकर अविवाहित लोगों की हैसियत की जानकारी जुटातीं। फिर फर्जी प्रोफाइल, इंटरनेट से ली गई तस्वीरें और मनगढ़ंत पारिवारिक विवरण भेज युवकों को बातों में फंसाया जाता। टेलीकॉलर की सहकर्मी युवती शादी के इच्छुक युवकों से बात कर जल्द शादी करने का दिलासा देतीं और तीन से 20 हजार तक के गोल्ड, सिल्वर, प्लेटिनम पैकेज बेच देतीं।

**फोन पर बात करने पर देने पड़ते पांच हजार :** पुलिस कमिश्नर ने बताया कि पैकेज लेने के बाद कॉल सेंटर की युवतियां मैरिज काउंसलर या रिलेशनशिप मैनेजर बनकर पहले युवक से बात करती थीं। फिर कॉल सेंटर की दूसरी युवती से युवक की बात कराई जाती थी जो खुद को शादी का इच्छुक बताती थी। कुछ देर बात करने के बाद मैरिज ब्यूरो की तरफ से अगले 24 घंटे तक फोन पर बात न करने की हिदायत दी जाती थी।

**अलग-अलग बहानों से रकम मांगी जाती :** 24 घंटे के भीतर दोबारा फोन करने पर युवक पर पांच हजार रुपये वसूले जाते। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि शादी के इच्छुक युवाओं से रजिस्ट्रेशन फीस, प्रोफाइल निर्माण शुल्क, मैचिंग शुल्क, संपर्क शुल्क और पारिवारिक सहमति शुल्क जैसे अलग-अलग बहानों से रकम मांगी जाती। युवक आनाकानी करते तो फर्जी भुगतान रसीदें और स्क्रीनशॉट भेजकर यह दिखाया जाता था कि दूसरी तरफ से भी भुगतान हो चुका है। प्रक्रिया आगे बढ़ाने के लिए और पैसा जमा करना जरूरी है।

**एक युवती कॉल कर फंसाती, दूसरी बातों में उलझा खाते खाली करवाती**

**कॉलिंग के आधार पर तय होता था कमीशन :** पुलिस के अनुसार मैरिज ब्यूरो में काम करने वाली सभी युवतियों को दिन भर में 20 से अधिक लोगों से कॉल करने का टारगेट दिया जाता था। इन कॉल और फंसे शिकार से वसूली गई रकम के आधार पर युवती को कमीशन भी दिया जाता था।

**ग्राहक सेवा केंद्र से रुपये भेजता था चंद्रेश :** पुलिस ने बताया कि बाराबंकी वाले शिकायतकर्ता चंद्रेश कुमार ने बताया था कि वह मजदूर है। उसके पास बैंक खाता नहीं था तो वह ग्राहक सेवा केंद्र जाकर रुपये आरोपियों के बताए बैंक खाते में जमा कराता था। उससे चार लाख रुपये हड़पने के बाद भी उसकी शादी नहीं कराई गई।

शादी का झांसा देकर लोगों से लाखों रुपये की ठगी करने वाले भिलाई (छत्तीसगढ़) निवासी 12वीं पास रंजीश कुमार गौड़ को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है।

# सीएसए पहुंचे सीएम योगी, बोले- आधुनिकता से जुड़ेगा किसान

**जनसभा**

### मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगतिशील कृषकों को सम्मानित किया



कानपुर। उन्नाव जिले के भवानखेड़ा गांव में आयोजित जनसभा में सीएम योगी जमकर गरजे। उन्होंने सपा-कांग्रेस पर माफिया राज चलाने का आरोप लगाया और विकास का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्लस्टर के जरिए युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलेगा और अब विकास कानपुर तक पहुंचेगा।

कार्यशाला के दौरान मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगतिशील कृषकों को सम्मानित किया। सीएम ने अपने संबोधन में जोर दिया कि तकनीक और नवाचार का समन्वय ही किसानों की समृद्धि का मूल मंत्र है।

# 21 जून को डासना में हिंदू पंचायत का आयोजन, यति नरसिंहानंद ने भागीदारी का किया आह्वान

### शिवशक्ति धाम में आयोजित कार्यक्रम को लेकर वीडियो संदेश जारी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शिवशक्ति धाम, डासना के पीठाधीश्वर एवं जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने 21 जून को आयोजित होने वाली हिंदू पंचायत में अधिक से अधिक लोगों से भाग लेने का आह्वान किया है। इस संबंध में गुरुवार को एक वीडियो संदेश जारी किया गया। जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यति नरसिंहानंद गिरी ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में हिंदू समाज को अपने सामाजिक, धार्मिक और सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर एकजुट होकर विचार-विमर्श करने की आवश्यकता है। उन्होंने दावा किया कि 21 जून को शिवशक्ति धाम में आयोजित होने वाली पंचायत महत्वपूर्ण निर्णयों का मंच बनेगी।

प्रेस विज्ञप्ति में महाकाली वाहिनी की मुख्य राष्ट्रीय समन्वयक डॉ. उदिता त्यागी का भी बयान शामिल है। उन्होंने लोगों से पंचायत में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों को अपने अधिकारों, सुरक्षा और संगठन को लेकर एकजुट होना चाहिए। आयोजकों के अनुसार, पंचायत में सामाजिक, धार्मिक और संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और विभिन्न क्षेत्रों से लोगों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। वीडियो संदेश के दौरान यति अभयानंद, यति धमानंद और पंडित सनोज शास्त्री भी मौजूद रहे।

# डिप्टी सीएम ने किया सफाई मित्रों का सम्मान

### - 50 इलेक्ट्रिक और 2 ट्रिपल आर वाहनों को दिखाई हरी झंडी



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने नगर निगम मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शहर की स्वच्छता व्यवस्था में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सफाई मित्रों को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने सफाई कर्मियों को पानी की बोतल और लंच बॉक्स भेंट कर उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ बनाए रखने में सफाई मित्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

कार्यक्रम में महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की मौजूदगी में उप मुख्यमंत्री ने नगर निगम के 50 इलेक्ट्रिक डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण वाहनों तथा 2 ट्रिपल आर (Reduce, Reuse, Recycle) वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सभी जोनों में तैनात किए जाने वाले इलेक्ट्रिक वाहनों से घरों से निकलने वाले गीले और सूखे कचरे को स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशनों तक पहुंचाया जाएगा, जिससे ईंधन की बचत के साथ प्रभावी कचरा प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा। ट्रिपल आर वाहन घरों से पुराने कपड़े, किताबें और अन्य उपयोगी वस्तुओं का संग्रह कर पुनः उपयोग की मुहिम को आगे बढ़ाएंगे। कार्यक्रम की शुरूआत पौधारोपण से हुई। इस अवसर पर सांसद अतुल गर्ग, विधायक संजीव शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

# नगर निगम के हाईटेक कंट्रोल सेंटर पहुंचे डिप्टी सीएम, शहर की निगरानी व्यवस्था का लिया जायजा

### वीटीएमएस, आईटीएमएस और कॉल सेंटर संचालन की सराहना बोले– जन समस्याओं के त्वरित समाधान में गाजियाबाद मॉडल प्रभावी



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने गुरुवार को गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पहुंचकर इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आई ट्रिपल सी) का निरीक्षण किया। इस दौरान महापौर सुनीता दयाल एवं नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने उनका स्वागत किया और नगर निगम द्वारा संचालित विभिन्न तकनीकी प्रणालियों की जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान डिप्टी सीएम ने इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (ITMS), व्हीकल ट्रैकिंग एवं मॉनिटरिंग सिस्टम (VTMS) तथा कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली को विस्तार से देखा। स्क्रीन के माध्यम से शहर की यातायात व्यवस्था की निगरानी, डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण की ट्रैकिंग और जन शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। नगर आयुक्त ने बताया कि कॉल सेंटर के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है, जबकि वाहन ट्रैकिंग प्रणाली से सफाई व्यवस्था और कूड़ा संग्रहण पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि गाजियाबाद नगर निगम तकनीक के माध्यम से जन समस्याओं के समाधान, यातायात प्रबंधन और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रहा है। उन्होंने आई ट्रिपल सी की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि यह व्यवस्था शहरवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। निरीक्षण के दौरान विधायक संजीव शर्मा, पार्षदगण एवं नगर निगम के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश में प्रचंड गर्मी की वापसी

### 26 जिलों में चलेगी जानलेवा लू, मानसून के लिए करना होगा इंतजार




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मौसम इन दिनों अजब गजब रंग दिखा रहा है। बुधवार को प्रदेश के कई जिलों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप बना रहा, जबकि कुछ इलाकों में तेज हवाओं के साथ हल्की बूंदाबांदी ने लोगों को राहत दी। दोपहर बाद वाराणसी, चंदौली समेत दक्षिण व पश्चिम के कुछ जिलों में तेज हवा चली और हल्की बूंदाबांदी हुई। हालांकि इससे पहले इन क्षेत्रों में भी गर्म हवाओं का असर बना रहा।

**प्रयागराज रहा सबसे गर्म :** बुधवार को 45 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ प्रयागराज प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा। वाराणसी में अधिकतम तापमान 42.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि झांसी और चुर्क में पारा 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार के लिए बुंदेलखंड और दक्षिणी उत्तर प्रदेश समेत करीब 26 जिलों में लू चलने की आशंका जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार फिलहाल प्रदेश में कोई प्रभावी मौसम तंत्र सक्रिय नहीं है। ऐसे में उत्तर प्रदेश में मानसून के आगमन में अभी लगभग एक सप्ताह का समय लग सकता है।


**लू का येलो अलर्ट :** बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर।

# गृहिणियों पर महंगाई की मार: टमाटर हुआ और भी लाल

### भाव खा रही सब्जियां! मटर 100 रुपये किलो, बजट बिगड़ने से गृहिणियां परेशान

**हाय महंगाई!**

### 10 दिन में दोगुना हुआ टमाटर, मटर ने भी लगाई लंबी छलांग




**बागपत।** जिले में सब्जियों की बढ़ती कीमतों ने आम लोगों की जेब पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। गर्मी के मौसम में पैदावार घटने और परिवहन खर्च बढ़ने से सब्जियों के दाम लगातार चढ़ रहे हैं। सबसे ज्यादा असर टमाटर, मटर, हरी मिर्च और हरे धनिये के भाव पर देखने को मिल रहा है। बढ़ती महंगाई से गृहिणियों की रसोई का बजट गड़बड़ा गया है।

स्थानीय मंडियों में टमाटर का भाव 30 रुपये प्रति किलो से बढ़कर 60 रुपये प्रति किलो पहुंच गया है। वहीं मटर 50 रुपये से सीधे 100 रुपये प्रति किलो बिक रही है। हरी मिर्च 90 रुपये और हरा धनिया 200 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गया है। गोभी, प्याज, भिंडी, तोरी और खीरे के दामों में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि गर्मी के कारण कई क्षेत्रों में सब्जियों की पैदावार प्रभावित हुई है। बाहर से आने वाली सब्जियों की आवक भी कम हो रही है। इसके अलावा ढुलाई पर बढ़ते खर्च का असर सीधे बाजार भाव पर पड़ रहा है। व्यापारियों का कहना है कि फिलहाल कीमतों में राहत के आसार कम हैं।

**महंगाई ने बिगाड़ा घर का हिसाब-किताब :** सब्जियों की बढ़ती कीमतों का असर सीधे रसोई तक पहुंचा है। कई परिवारों ने महंगी सब्जियों की खरीद कम कर दी है। लोग अब सस्ती सब्जियों और दालों पर ज्यादा निर्भर होने लगे हैं।

अर्चना शर्मा का कहना है कि पहले गैस सिलिंडर महंगा हुआ, अब सब्जियों के बढ़ते दामों ने रसोई का बजट और बिगाड़ दिया है।

# कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर महिला से सामूहिक दुष्कर्म

**चित्रकूट।** राजापुर थाना क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास दिलाने के नाम पर दंपती को नशीला पदार्थ खिलाकर महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला आया है। सरधुवा थाना क्षेत्र की महिला ने बताया कि गांव के ही दो लोगों ने प्रधानमंत्री आवास दिलाने के लिए कागजात लेकर राजापुर बुलाया और वहां एक व्यक्ति के घर ले गए। शाम चार बजे दंपती को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया।

इसके बाद पति बेहोश हो गए और मैं भी पूरे होश में नहीं थी। आरोपियों ने कहा कि चलो अंगूठा लगा दो और उसको कार से सुनसान जगह लेकर गए। वहां दोनों ने बारी-बारी से दुष्कर्म किया और छोड़कर भाग गए। कुछ देर बाद वह एसडीएम आवास की ओर पहुंची तो पति भी उसको खोजते हुए पहुंचे। पति को पूरी बात बताई। दुष्कर्म के दौरान दोनों ने पीटा भी है, जिससे शरीर पर चोटें भी आई हैं। पुलिस से शिकायत की, लेकिन न तो प्राथमिकी दर्ज की और न ही मेडिकल कराया।

# दिल्ली में रेखा सरकार की अनोखी पहल

### नीट परीक्षा में अभिभावकों के लिए बनाए जाएंगे कूलिंग जोन

**पहल**

### दिल्ली में नीट परीक्षा के लिए बनाए गए हैं कुल 97 केंद्र



**नई दिल्ली।** शभर में 21 जून को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के मद्देनजर दिल्ली सरकार ने अभूतपूर्व और मानवीय पहल करते हुए न केवल नीट परीक्षार्थियों बल्कि उनके साथ आने वाले अभिभावकों की सुविधा का भी विशेष प्रबंध किया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह पहली बार है जब परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देने वालों के साथ-साथ उनके माता-पिता और परिजनों के आराम एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए कूलिंग जोन बनाए जा रहे हैं, जहां उनके बैठने की सुविधा, स्वच्छ पेयजल, शिकंजी आदि आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी।

**दिल्ली सरकार ने की घोषणा :** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली में नीट परीक्षा के लिए कुल 97 केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 69 सरकारी विद्यालय में तथा 28 केंद्रीय विद्यालयों में हैं। इन परीक्षा केंद्रों के आसपास जिला प्रशासन द्वारा विशेष कूलिंग जोन स्थापित किए जा रहे हैं, जहां अभिभावकों और परिजनों के बैठने, विश्राम करने तथा गर्मी से राहत पाने की समुचित व्यवस्था रहेगी।

**नीट परीक्षा के दिन अभिभावकों को विशेष सुविधा :** उन्होंने कहा कि हर वर्ष लाखों परिवार अपने बच्चों के भविष्य के सपनों के साथ परीक्षा केंद्रों तक पहुंचते हैं। परीक्षा के दौरान परीक्षार्थी तो केंद्र के भीतर होते हैं, लेकिन बाहर कई घंटे तक प्रतीक्षा कर रहे माता-पिता की चिंता, धूप, गर्मी और असुविधा पर अक्सर किसी का ध्यान नहीं जाता। दिल्ली सरकार ने इस मानवीय पहलू को समझते हुए यह निर्णय लिया है कि परीक्षा के दिन अभिभावकों को असुविधा का सामना न करना पड़े।

**नीट परीक्षा केंद्र पर बनेंगे कूलिंग जोन :** उन्होंने कहा कि अब तक अक्सर देखा जाता था कि परीक्षा के दौरान परिजन कभी किसी पेड़ की छांव तलाशते थे, कभी पार्क में बैठकर समय बिताते थे, तो कभी आसपास की बाजारों में इधर-उधर भटकते रहते थे। कई लोगों को भीषण गर्मी में लंबे समय तक खड़ा रहना पड़ता था। अब ऐसी स्थिति नहीं होगी। परीक्षा केंद्रों के बाहर ही उनके लिए आरामदायक प्रतीक्षा व्यवस्था उपलब्ध होगी।

19 June -26 page 3 18-06-2026 10:48 PM Page 1

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...




 नई दिल्ली | शुक्रवार 19 जून -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

# नेहरू युवा केंद्र -जानकी भवन प्रकरण पर पूर्व सांसद रमेश चंद्र तोमर का बड़ा हमला
## अवैध कब्जाधारियों और मिलीभगत करने वाले अधिकारियों की मुख्यमंत्री योगी से शिकायत करूंगा








**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद में नेहरू युवा केंद्र एवं जानकी भवन से जुड़े विवाद ने अब राजनीतिक रंग पकड़ लिया है। पूर्व सांसद रमेश चंद्र तोमर ने इस मामले को गंभीर सार्वजनिक हित का मुद्दा बताते हुए कहा है कि वह जल्द ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर पूरे प्रकरण की शिकायत करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी और सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर अवैध कब्जे, अवैध पार्किंग संचालन व अधिकारियों की कथित मिलीभगत के कारण स्थानीय लोगों की समस्याएं बढ़ रही हैं। राम नगर क्षेत्र के लोगों द्वारा गठित राम एकता संगठन के पदाधिकारी और स्थानीय नागरिक गुरुवार को पूर्व सांसद के आवास पहुंचे और उन्हें पूरे मामले से अवगत कराया।

संगठन की ओर से बताया गया कि नेहरू युवा केंद्र परिसर एवं आसपास के क्षेत्र का उपयोग बच्चों के खेलने, सामाजिक गतिविधियों और सार्वजनिक कार्यों के लिए होना चाहिए, लेकिन वहां कथित रूप से अवैध कब्जे और व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। पूर्व सांसद रमेश चंद्र तोमर ने कहा कि प्रदेश सरकार भू-माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की नीति पर काम कर रही हैं, ऐसे में गाजियाबाद में सार्वजनिक भूमि पर कब्जे के आरोप बेहद गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी भूमि पर अवैध निर्माण, अवैध पार्किंग या नक्शे के विपरीत कार्य हो रहे हैं तो संबंधित विभागों को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए, लेकिन यहां जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने के बजाय मामले को दबाने का प्रयास करते दिखाई दे रहे हैं। रमेश चंद तोमर ने आरोप लगाया कि कई पीड़ितों ने संबंधित अधिकारियों से शिकायतें कीं, लेकिन उन्हें सुनवाई तक नहीं मिली। उन्होंने कहा कि यदि किसी निर्माण का नक्शा निरस्त किया गया है या नियमों का उल्लंघन हुआ है तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज होना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।

### जब पार्किंग हो रही है इसकी भी हो जांच

करंट क्राइम : पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर ने कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि परिसर में व्यावसायिक गतिविधियों के तहत पार्किंग शुल्क तक वसूला जा रहा है और पानी के व्यावसायिक उपयोग के भी आरोप सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि यदि ये आरोप सही हैं तो इसकी निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने जीडीए अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि जिस प्राधिकरण को भूमि की सुरक्षा और नियमों का पालन सुनिश्चित करना चाहिए, वही मामले में प्रभावी कार्रवाई करने में विफल दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकारी पीड़ितों से मिलने तक को तैयार नहीं हैं, जिससे लोगों में आक्रोश है। वहीं तोमर ने कविनगर स्थित रामलीला मैदान और जानकी भवन से जुड़े मुद्दों का भी उल्लेख करते हुए कहा कि करोड़ों रुपये के लेन-देन और भवन के उपयोग को लेकर उठ रहे सवालों की भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि यह भूमि और भवन सार्वजनिक हित से जुड़े हैं तो उनके उपयोग का पूरा लेखा-जोखा सार्वजनिक होना चाहिए। पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर ने कहा कि वह पूरे मामले का विस्तृत विवरण मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे और यह भी बताएंगे कि किन अधिकारियों ने शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं की। उन्होंने मांग की कि अवैध कब्जे करने वालों के खिलाफ भू-माफिया कानून के तहत कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही मामले में शामिल अधिकारियों की भूमिका की भी जांच हो।

### राम एकता संगठन क्या चाहता है?

करंट क्राइम : राम एकता संगठन और स्थानीय नागरिकों की प्रमुख मांगें है कि नेहरू युवा केंद्र परिसर को मूल उद्देश्य के अनुसार संचालित किया जाए। बच्चों और स्थानीय लोगों के सार्वजनिक उपयोग के लिए क्षेत्र को मुक्त कराया जाए। वहीं कथित अवैध पार्किंग और शुल्क वसूली बंद हो। सार्वजनिक भूमि और भवनों के उपयोग का पूरा रिकॉर्ड सार्वजनिक किया जाए। जिम्मेदार अधिकारियों और कब्जाधारियों के खिलाफ कार्रवाई हो। यदि सरकार भू-माफियाओं के खिलाफ अभियान चला रही है तो गाजियाबाद में सार्वजनिक भूमि पर कब्जे के आरोपों की भी निष्पक्ष जांच और कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

# जब सिटी मजिस्ट्रेट ने दिये सहायक को निर्देश
## आगे से सबके लिए चाय लाना, चाहे वो आम या विशेष







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सरकारी अधिकारी अपनी कार्यशैली से, अपने व्यवहार से एक विशेष पहचान बनाते हैं। अफसरों का लहजा, अफसरों का अंदाज सरकार की पहचान बनता है। आमतौर पर अगर सरकारी अधिकारियों के कक्ष का चित्र देखें तो वहां एक स्टेनों होते हैं, सहायक होते हैं और अधिकारियों से मिलने वालों में अपना काम लेकर आए लोग होते हैं, पत्रकार होते हैं। सरकारी कार्यशैली का एक हिस्सा होता है जब कभी कोई विशेष व्यक्ति आए तो चाय भी आती है। किस्सा सिटी मजिस्ट्रेट सतीश त्रिपाठी के कक्ष का है और इस कक्ष से एक संदेश निकला कि नियम सभी के लिये समान है, चाहे वो पक्ष हो या विपक्ष हो। व्यवहार भी सभी के लिये अच्छा रहेगा। दरअसल सिटी मजिस्ट्रेट सतीश त्रिपाठी अपने कक्ष में बैठकर शासकीय कार्य पूरा कर रहे थे। वो आगंतुकों से भी मिल रहे थे, उनकी समस्याएं सुन रहे थे। कक्ष में कुछ पत्रकार भी मौजूद थे, अन्य लोग भी थे। अचानक सहायक चाय लेकर आया। चाय लाने वाला कुछ खास चेहरों के लिये ही चाय लेकर आया था। लेकिन अचानक अधिकारी की नजर चाय वाली ट्रे पर पड़ी।

उन्होंने देखा कि कप तो कम हैं और कमरे में और भी लोग बैठे हैं। इसके बाद सिटी मजिस्ट्रेट ने सहायक से कहा कि तुम्हें आगे से जब भी चाय लाना तो आगंतुकों के लिये भी लेकर आना। ये बात देखने में सामान्य है, लेकिन व्यवस्था से जुड़ी बारीक बात है। दरअसल सहायक ने विशेष लोगों पर फोकस किया और सिटी मजिस्ट्रेट ने एक संदेश दिया कि भेदभव नहीं होना चाहिए और अगर चाय आ रही है तो फिर जो भी कक्ष में मौजूद हैं सभी को चाय मिले। सीधा सा संदेश था कि हमारे लिये सब एक समान हैं। अगर इनके लिये लाये हो तो उनके लिये भी लेकर आओ जो अलग बैठे हैं। एक अफसर का ये अंदाज सबके दिलों को छू गया। वास्तव ने एक अधिकारी ने बड़ी ही शालीनता के साथ एक अच्छी परिपाटी स्थापित की, एक मैसेज दिया कि जनता का प्रत्येक व्यक्ति हमारे लिये महत्वपूर्ण है। वास्तव में ऐसे अधिकारी जनता के बीच लोकप्रिय हो जाते हैं। ये संस्कार परवरिश को भी बताते हैं। सवाल कुछ कप चाय का नहीं है, सवाल एक शिष्टाचार का है, सवाल अपने घर पर आए आम व्यक्ति की भावनाओं को समझने का है, इनको सम्मान देने का है। सही में ऐसे अधिकारी ही सरकार की कार्यशैली का एक सुंदर आईना होते हैं।

# 23 जून से हिंडन-मुंद्रा हवाई सेवा शुरू
## गाजियाबाद की कनेक्टिविटी को मिलेगा नया आयाम

**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के यात्रियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। हिंडन एयरपोर्ट से गुजरात के मुंद्रा के लिए बहुप्रतीक्षित सीधी हवाई सेवा 23 जून से शुरू होने जा रही है। एयरपोर्ट प्राधिकरण को स्टार एयर की ओर से उड़ान संचालन शुरू करने संबंधी आधिकारिक ई-मेल प्राप्त हो गया है, जिसके बाद नियमित उड़ान संचालन की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं।

एयरपोर्ट अथॉरिटी के अनुसार यहां से अहमदाबाद, मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई, कोलकाता, पटना, वाराणसी, इंदौर, भुवनेश्वर, जयपुर, आदमपुर (पंजाब), नांदेड़ (महाराष्ट्र) सहित विभिन्न शहरों के लिए उड़ान सेवाएं उपलब्ध हैं।




हिंडन एयरपोर्ट के निदेशक डॉ. चिल्का महेश ने बताया कि मुंद्रा के लिए उड़ान सप्ताह में तीन दिन संचालित होगी। निर्धारित समय के अनुसार मुंद्रा से विमान दोपहर 3:45 बजे हिंडन एयरपोर्ट पहुंचेगा, जबकि शाम 4:15 बजे हिंडन से मुंद्रा के लिए रवाना होगा। उन्होंने बताया कि मुंद्रा एयरपोर्ट को आवश्यक संचालन संबंधी अनुमति मिलने के बाद इस सेवा का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इससे पहले तकनीकी और प्रशासनिक कारणों से उड़ान शुरू होने की तिथि दो बार आगे बढ़ाई जा चुकी थी।

मुंद्रा गुजरात के कच्छ जिले में स्थित देश के सबसे महत्वपूर्ण औद्योगिक और व्यापारिक केंद्रों में से एक है। यहां देश का प्रमुख बंदरगाह, लॉजिस्टिक्स हब और कई बड़े औद्योगिक प्रतिष्ठान संचालित होते हैं। ऐसे में इस नई हवाई सेवा से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उद्योगपतियों, व्यापारियों, निर्यातकों और आम यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। अब उन्हें दिल्ली एयरपोर्ट के बजाय हिंडन से ही सुविधाजनक यात्रा का विकल्प मिल सकेगा। गौरतलब है कि पिछले कुछ वर्षों में हिंडन एयरपोर्ट से विभिन्न शहरों के लिए हवाई सेवाओं का लगातार विस्तार हुआ है। क्षेत्रीय संपर्क योजना के तहत गाजियाबाद की हवाई कनेक्टिविटी लगातार मजबूत हो रही है। मुंद्रा के लिए नई उड़ान शुरू होने से न केवल व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि गाजियाबाद, नोएडा, मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर और आसपास के जिलों के यात्रियों को भी तेज और सुविधाजनक यात्रा का लाभ मिलेगा। यह सेवा हिंडन एयरपोर्ट को उत्तर भारत के एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय हवाई केंद्र के रूप में और अधिक मजबूत करेगी।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के यात्रियों के लिए सुविधाजनक विकल्प बन चुके हिंडन एयरपोर्ट से वर्तमान में देश के कई प्रमुख शहरों के लिए नियमित उड़ानें संचालित हो रही हैं। एयरपोर्ट अथॉरिटी के अनुसार यहां से अहमदाबाद, मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई, कोलकाता, पटना, वाराणसी, इंदौर, भुवनेश्वर, जयपुर, आदमपुर (पंजाब), नांदेड़ (महाराष्ट्र) सहित विभिन्न शहरों के लिए उड़ान सेवाएं उपलब्ध हैं। इन मार्गों पर मुख्य रूप से इंडिगो, एयर इंडिया एक्सप्रेस और स्टार एयर अपनी सेवाएं संचालित कर रही हैं।

# विधायक और एमएलसी ने मंच की सकारात्मक संस्कृति निभाई
## चीफ गेस्ट को दी विदाई और फिर मंच पर अपना स्थान संभाला



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गुरुवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक आए। ये कार्यक्रम सरकार की उपलब्धियों को लेकर था। 12 वर्ष विश्वास के, जनकल्याण के और डिप्टी सीएम यही बताने के लिये गाजियाबाद आए। मंच सजा और बैक ड्रोप पर सभी के फोटो थे। मंच पर सभी चेहरे मौजूद थे। कार्यक्रम में जब मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक आए तो यहां कार्यकताओं में एक जोश, एक उत्साह देखने को मिला। कलक्ट्रेट पर हो रहे इस कार्यक्रम में सांसद मौजूद थे, विधायक मौजूद थे, मेयर मौजूद थीं और यहां से भाजपा एक संदेश दे रही थी, लेकिन यहां पर दो जनप्रतिनिधियों ने जिम्मेदारी को बड़ी खूबसूरती से निभाया। वो ये संदेश दे रहे थे भले ही कार्यक्रम कलक्ट्रेट पर हो मगर सरकार की उपलब्धियों को बताना और मंच पर मौजूद रहना हमारी जिम्मेदारी है।

दरअसल जब मुख्य अतिथि जाने लगे तो उनके पीछे-पीछे सभी लोग मंच छोड़कर आए गए, लेकिन यहां दो जनप्रतिनिधियों ने भाजपा की संस्कृति को निभाया। मंच पर मोदीनगर विधायक मंजू शिवाच मौजूद थीं, मंच पर एमएलसी श्रीचंद शर्मा मौजूद थे, ये दोनों चीफ गेस्ट को विदा करने गये लेकिन फिर लौटकर आए और वापस आकर मंच संभाला। ये एक जिम्मेदारी का भाव था कि कार्यक्रम में इन दोनों ने मंच नहीं छोड़ा। एक संदेश दिया कि मुख्य अतिथि का प्रोटोकॉल अपनी जगह है, लेकिन कार्यकर्ता का भाव अपनी जगह है। अपने प्रधानमंत्री के 12 वर्षों के कार्यकाल, उनकी उपलब्धियों को बेहतर तरीके से जनता के बीच पहुंचाना हमारा कर्त्तव्य है।

# भूमाफियाओं के खिलाफ सख्त, गरीबों के लिए संवेदनशील
## गाजियाबाद में डीएम रविंद्र कुमार मांदड़ की कार्रवाई बनी मिसाल



रविंद्र कुमार मांदड़

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शासन और प्रशासन की वास्तविक सफलता तब दिखाई देती है जब न्याय केवल कागजों तक सीमित न रहकर सीधे पीड़ित व्यक्ति तक पहुंचे। गाजियाबाद में हाल के महीनों में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ के नेतृत्व में कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें भूमाफियाओं, अवैध कब्जाधारियों, सूदखोरों और बिचौलियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गरीबों, बुजुर्गों और महिलाओं को उनका हक वापस दिलाया गया। इन घटनाओं ने प्रशासन के प्रति जनता का विश्वास मजबूत किया है और यह संदेश दिया है कि कानून का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा सकता है।

### प्रताप विहार में बुजुर्ग महिला को वापस मिला मकान



**गुड वर्क-1**
स्थान: प्रताप विहार, थाना विजयनगर

करंट क्राइम। जनसुनवाई के दौरान चंचल देवी नामक बुजुर्ग महिला ने जिलाधिकारी से शिकायत की कि 1.5 लाख रुपये के कर्ज के बदले उसके मकान के दस्तावेज गिरवी रखवाकर ब्याज बढ़ाते हुए मकान पर अवैध कब्जा कर लिया गया। शिकायत मिलते ही डीएम ने एसडीएम और पुलिस की संयुक्त टीम से जांच कराई। आरोप सही पाए जाने पर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए मात्र तीन दिनों में मकान खाली कराया और चाबी महिला को सौंप दी।

संदेश: गरीबी और मजबूरी का फायदा उठाकर संपत्ति हड़पने वालों के खिलाफ प्रशासन का स्पष्ट संदेश।

### 78 वर्षीय अम्मा को दिलाई पेंशन, आर्थिक सहायता भी दी

**गुड वर्क-2**
स्थान: कलेक्ट्रेट, गाजियाबाद



करंट क्राइम। जनसुनवाई में पहुंची 78 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने बताया कि कई महीनों से वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिल रही है। जिलाधिकारी ने तत्काल समाज कल्याण विभाग को निर्देश देकर पेंशन प्रक्रिया शुरू कराई। साथ ही अपने परीक्षा मानदेय से प्राप्त 22 हजार रुपये महिला को सहायता स्वरूप प्रदान किए।

संदेश: संवेदनशील प्रशासन केवल आदेश नहीं देता, मानवीय सरोकार भी निभाता है।

### बुजुर्ग दंपति को दिलाई उनकी दुकान

**गुड वर्क-3**
स्थान: गाजियाबाद शहर



करंट क्राइम। एक बुजुर्ग दंपति ने शिकायत की कि उनकी दुकान पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई कराई और कब्जा हटवाकर दुकान वापस दिलाई। बाद में स्वयं चाबी बुजुर्ग दंपति को सौंपी गई। यह दृश्य शहर में चर्चा का विषय बन गया।

संदेश: प्रशासन की संवेदनशीलता तब दिखती है जब पीड़ित को केवल आदेश नहीं, न्याय मिलता है।

### लोनी में भू-माफियाओं पर चला बुलडोजर



**गुड वर्क-4**
स्थान: लोनी तहसील, मीरपुर हिंदू एवं बादरपुर क्षेत्र

करंट क्राइम। यमुना खादर क्षेत्र में लगभग 13.5 हेक्टेयर भूमि पर विकसित अवैध कॉलोनियों के खिलाफ प्रशासन ने अभियान चलाया। संयुक्त टीम ने अवैध प्लॉटिंग, निर्माण और बाउंड्री वॉल को ध्वस्त कर सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराया।

संदेश: सरकारी भूमि और पर्यावरणीय क्षेत्र पर अवैध कब्जा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### सरकारी दफ्तरों में दलालों के खिलाफ चलाया अभियान




**गुड वर्क-5**
स्थान: कलेक्ट्रेट, तहसील, आरटीओ एवं अन्य विभाग

करंट क्राइम। जिलाधिकारी ने सरकारी कार्यालयों में सक्रिय दलालों और बिचौलियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि जनता से अवैध वसूली करने वाले एजेंटों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाए।

संदेश: सुशासन का अर्थ है कि आम नागरिक बिना किसी दलाल के अपना काम करा सके।

### 'गरीब का भरोसा ही प्रशासन की सबसे बड़ी उपलब्धि'

करंट क्राइम। इन सभी मामलों में एक समानता दिखाई देती है। लाभ उन लोगों तक पहुंचा जो आर्थिक रूप से कमजोर, बुजुर्ग, महिलाएं या सामान्य नागरिक थे। किसी को उसका मकान मिला, किसी को दुकान, किसी को पेंशन और कहीं सरकारी भूमि को भूमाफियाओं के कब्जे से मुक्त कराया गया। गाजियाबाद में हाल की इन कार्रवाइयों ने यह संदेश दिया है कि यदि प्रशासन संवेदनशील, जवाबदेह और दृढ़ इच्छाशक्ति वाला हो तो कानून का लाभ सबसे कमजोर व्यक्ति तक पहुंच सकता है। शासन की असली ताकत नोटिस और आदेशों में नहीं, बल्कि उस गरीब परिवार की मुस्कान में है जिसे वर्षों बाद अपना घर, दुकान या अधिकार वापस मिलता है। यही सुशासन की सबसे बड़ी पहचान है।

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
04 | शुक्रवार • 19 जून -2026

# संवाद

## संपादकीय

# राम मंदिर में चढ़ावा चोरी

अयोध्या के भव्य राम मंदिर में चोर-डकैत भी हैं। यह सुनकर और निरंतर खबरों को खंगाल कर यह सच सामने आ रहा है कि भगवान राम के प्रति अगाध आस्था के तौर पर मंदिर में जो दान दिया जाता है या चढ़ावा दान में आता है, उसे चोर डकार रहे हैं। राम मंदिर में भी भ्रष्टाचार, घोटाला पनप रहा है। यह सिर्फ आपराधिक घटना नहीं है, बल्कि सांस्कृतिक-आध्यात्मिक शर्मिन्दगी है। अभी तक जो सामने आया है, उसके मुताबिक ये चोर-डकैत राम मंदिर की भीतरी व्यवस्था के ही अंग हैं। चढ़ावा-चोरी का आरोप 200 करोड़ रुपए का लगाया गया है। यह राजनीतिक आरोप हो सकता है, क्योंकि इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। विशेष जांच टीम ने अपनी अंतरिम रपट देनी है और इस माह के अंत तक अंतिम रपट भी आ जानी चाहिए, लेकिन चौंकाने और हैरान करने वाली बात यह है कि न तो राम मंदिर के ट्रस्ट ने पुलिस स्टेशन में कोई प्राथमिकी दर्ज कराई और न ही ट्रस्ट के सवालिया, आरोपित महासचिव चंपत राय ने इस्तीफा दिया। चंपत राय बुनियादी और नैतिक रूप से सभी स्थितियों के लिए जिम्मेदार हैं। मंदिर में वीआईपी बन कर विराजमान रहने के लिए ही उनकी नियुक्ति नहीं की गई थी। राम मंदिर में निर्माण समिति के अध्यक्ष के तौर पर नृपेन्द्र मिश्रा भी हैं, जो प्रधानमंत्री मोदी के प्रधान सचिव होते थे। उन्होंने मुख्यमंत्री के दिशानिर्देश और आशीर्वाद की बात कही है। क्या जांच दल को इनकी दरकार है? कुछ आरोपितों के घरों से लाखों रुपए की नकदी बरामद की गई है। गोबर के ढेर के नीचे भी नकदी छिपा कर रखी गई थी, लेकिन दान-चोरी तो करोड़ों में बताई जा रही है! प्रभु राम हमारे आराध्य हैं, मन-मन में बसे हैं, सदियों बाद अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनाने का सपना साकार हुआ है, तो प्रभु के सानिध्य में ऐसे चोर-डकैत कैसे और कब पैदा हो गए? यह सुरक्षा-व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल है। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीन वरिष्ठ अधिकारियों की विशेष जांच टीम गठित तो कर दी, लेकिन इतने व्यापक अपराध के लिए प्राथमिकी दर्ज क्यों नहीं कराई गई? प्राथमिकी नहीं है, तो जांच टीम किस अपराध, किस चोरी अथवा आरोपों की जांच कर रही है? यह चोरी आर्थिक भीतरघात भी है, क्योंकि आरोपित वे बताए जा रहे हैं, जो दान के नोटों की गिनती की रोजाना की प्रक्रिया और ऑडिट से जुड़े रहे हैं। नोटों की गिनती भारतीय स्टेट बैंक के कर्मचारी, मंदिर ट्रस्ट के कर्मचारी, सीसीटीवी की निगरानी में, करते रहे हैं। क्या मंदिर के भीतर ही एक ह्यसंगठित गिरोह ने आकार ले लिया है? कोई अकेला-दुकेला इतनी बड़ी चोरी-डकैती नहीं कर सकता। बेशक यह चोरी-डकैती महापाप है और चोर असहनीय दैहिक और आत्मिक कष्टों को झेलेंगे। कीड़े पड़ेंगे उनमें! बहरहाल 2024-25 में राम मंदिर में कुल 327 करोड़ रुपए का दान या चढ़ावा आया। उसमें से दानपेटियों में ही करीब 153 करोड़ रुपए का दान आस्थावानों ने दिया। औसतन 12.75 करोड़ रुपए दान प्रति माह आया। अर्थात करीब 42 लाख रुपए रोजाना! यह कोई सामान्य राशि नहीं है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया में समुद्र में सबसे ज्यादा गहराई मरिआना ट्रेंच में है जो पेसिफिक समुद्र में है। इसकी गहराई 35,797 फीट है।
- धरती से किसी उल्कापिंड के टकराने का खतरा 9300 में से एक बार होता है।
- न्यूक्लीयर रिएक्टरों को ठंडा किया जाए तो सुक्ष्म जिव भी संघर्ष कर सकते है।
- पुरुष में 1000 स्पर्म एक सेकंड में बनते है।
- एक तूफान में 8000 मेगाटन बम के निर्माण जितनी उर्जा होती है।
- सूर्य द्वारा छोड़े गए 800 अरब से ज्यादा न्यूट्रॉन आपके शरीर में से गुजर गये होंगे जब तक आपने यह वाक्य पढ़ा होगा।
- सहारा रेगिस्तान दुनिया का सबसे बड़ा रेगिस्तान है जो 3500,000 २०. माइल्स में फैला है।
- कुत्ते के सूंघने की क्षमता इंसान से 1000 गुना ज्यादा होती है।
- विश्व की सबसे भारी धातु ऑस्मियम है। इसकी 2 फुट लंबी, चौड़ी व ऊँची सिल्ली का वजन एक हाथी के बराबर होता है।
- पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण से बाहर निकलने के लिए राकेट को 7 माइल्स प्रति सेकंड से जाना पड़ता है।

## राशिफल

**मेष:** नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा। मेहनत का फल मिलेगा। मित्रों तथा संबंधियों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा।

**वृष:** नजदीकी वातावरण सुखद रहेगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। आत्मसम्मान बना रहेगा।

**मिथुन:** यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता में वृद्धि होगी। भाग्य का साथ रहेगा।

**कर्क:** पुराना रोग परेशानी तथा बाधा का कारण बन सकता है। लापरवाही न करें। फालतू खर्च होगा। आर्थिक परेशानी रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**सिंह:** यात्रा लाभदायक रहेगी। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है।

**कन्या:** नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं मिलेगा। कार्यस्थल पर सुधार या परिवर्तन संभव है। लंबित कार्य पूर्ण होने के योग हैं। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**तुला:** राजकीय सहयोग से कार्य पूर्ण होंगे। व्यापार-व्यवसाय से लाभ होगा। नौकरी में चैन रहेगा। सहकर्मी साथ देंगे। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है।

**वृश्चिक:** चोट व दुर्घटना से शारीरिक हानि संभव है। स्वास्थ?य का पाया कमजोर रहेगा। काम में मन नहीं लगेगा। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें।

**धनु:** कानूनी बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। नए काम मिल सकते हैं। नौकरी में अधीनस्थ कर्मचारी सहयोग करेंगे।

**मकर:** स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं। कोई बड़ा सौदा बड़ा लाभ दे सकता है। प्रमाद न कर भरपूर प्रयास करें। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

**कुंभ:** पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। मित्रों तथा परिवार के सदस्यों के साथ समय सुखमय व्यतीत होगा। शोध इत्यादि कार्यों में सफलता प्राप्त होगी।

**मीन:** नौकरी में तनाव रहेगा। अपेक्षित कार्य समय पर पूरे नहीं हो पाएंगे। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। भावना में बहकर कोई निर्णय न लें।

# फेड के सख्त रुख को दरकिनार कर शेयर बाजार ने भरी उड़ान
# लगातार पांचवें दिन सेंसेक्स-निफ्टी में बढ़त

### सेंसेक्स 254 अंक चढ़ा, सस्ते कच्चे तेल ने बढ़ाया निवेशकों का भरोसा

**लाल निशान से रिकॉर्ड स्तर तक, बाजार ने दिखाई जबरदस्त मजबूती**



**नई दिल्ली।** अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की सख्त टिप्पणियों के कारण गुरुवार की सुबह लाल निशान में खुले भारतीय शेयर बाजार ने दिन के अंत तक शानदार वापसी की है।

मजबूत खरीदारी के दम पर शेयर बाजार ने शुरूआती दबाव को पछाड़ते हुए लगातार पांचवें दिन बढ़त का सिलसिला कायम रखा है। आइए समझते हैं कि किन सेक्टर्स के दम पर बाजार ने इस वैश्विक झटके से उबरकर नया मुकाम हासिल किया है।

**शेयर बाजार ने गुरुवार को**

#### घरेलू बाजार को इतनी मजबूती देने वाले मुख्य कारक

बाजार के मजबूत बने रहने के पीछे दो मुख्य कारण हैं। कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट ने घरेलू बाजार को एक बड़ा सपोर्ट दिया है। सस्ते कच्चे तेल और चुनिंदा खरीदारी के कारण घरेलू साइक्लिकल्स और ब्याज दरों के प्रति संवेदनशील माने जाने वाले सेक्टर्स में निवेशकों का भरोसा काफी बढ़ा है।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व की संभावित दर बढ़ोतरी के झटके के बावजूद लगातार 5वें दिन भारतीय शेयर बाजार का यह सकारात्मक रुख दिखाता है कि घरेलू अर्थव्यवस्था की बुनियाद बेहद मजबूत है। निचले स्तर पर हो रही खरीदारी और सस्ते कच्चे तेल ने वैश्विक दबाव को काफी हद तक बेअसर कर दिया है।

#### कितनी मजबूत क्लोजिंग दी?

गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार ने एक मजबूत रिकवरी दर्ज की। दिन के कारोबार के अंत में बीएसई सेंसेक्स 254.36 अंक (0.32%) की शानदार बढ़त के साथ 77,409.98 के ऐतिहासिक स्तर पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 82.30 अंक (0.34%) उछलकर 24,168.00 के पार निकल गया, जो निवेशकों के मजबूत भरोसे को दर्शाता है।

#### अमेरिकी फेडरल रिजर्व के हॉकिश रुख का दिखा असर

कारोबारी सत्र की शुरूआत में बाजार लाल निशान में खुला था। इसका मुख्य कारण अमेरिकी फेडरल रिजर्व की वह सख्त टिप्पणी थी, जिसने इस साल के अंत तक ब्याज दरों में संभावित बढ़ोतरी की आशंकाओं को जन्म दिया है। हालांकि, दिन चढ़ने के साथ ही निवेशकों की ओर से हुई चौतरफा खरीदारी ने बाजार को इस दबाव से पूरी तरह बाहर निकाल लिया।

## केंद्र ने ईपीएफ पर 8.25 प्रतिशत की ब्याज दर को दी मंजूरी
## 7 करोड़ से अधिक सब्सक्राइबर को होगा फायदा




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए कर्मचारियों के प्रॉविडेंट फंड (ईपीएफ) जमा पर 8.25 प्रतिशत ब्याज दर को मंजूरी दे दी है। माना जा रहा है कि इसी महीने ब्याज की राशि सब्सक्राइबर्स के खातों में डाल दी जाएगी। इस फैसले से कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के 7 करोड़ से अधिक अंशधारकों को लाभ मिलेगा। केंद्र सरकार ने कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) जमा पर वित्त वर्ष 26 के लिए 8.25 प्रतिशत की ब्याज दर को मंजूरी दे दी है। इससे कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में योगदान देने वाले 7 करोड़ से अधिक सब्सक्राइबर्स को फायदा होगा।

#### ब्याज दर इस महीने के आखिर में क्रेडिट हो सकती है

ईपीएफ पर ब्याज दर इस महीने के आखिर में क्रेडिट हो सकती है। केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया की अध्यक्षता वाली सीबीटी ने 2 मार्च, 2026 को वित्त वर्ष 2026 के लिए ईपीएफ पर ब्याज दर को 8.25 प्रतिशत पर बनाए रखने का फैसला किया था। यह लगातार तीसरा साल है जब रिटायरमेंट फंड बॉडी ने अपने सब्सक्राइबर्स के लिए ब्याज दर में कोई बदलाव नहीं किया है। सीबीटी के फैसले के बाद, मंजूरी के लिए प्रस्ताव वित्त मंत्रालय को भेजा गया था, क्योंकि सरकार ईपीएफ जमा राशि की गारंटी देती है।

मंत्रालय से मंजूरी मिलने के बाद, अब ईपीएफओ सदस्यों के खातों में ब्याज जमा करने की प्रक्रिया शुरू कर सकता है। यह खबर ऐसे समय पर सामने आई है, जब सरकारी संस्था अपने आने वाले ईपीएफओ 3.0 प्लेटफॉर्म के तहत बड़े डिजिटल सुधार लागू करने की तैयारी कर रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईपीएफओ एक ऐसी सुविधा शुरू करेगी जिससे सब्सक्राइबर यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) ऐप्स और ईपीएफ से जुड़े खाते के एटीएम के जरिए प्रोविडेंट फंड का पैसा निकाल सकेंगे।

## अनिल अंबानी की कंपनी में एमडी रहे सतीश सेठ 14 दिन की हिरासत में भेजे गए



**नईदिल्ली।** दिल्ली कीकोर्ट ने रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के पूर्व समूह प्रबंध निदेशक सतीश सेठ को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। ईडी ने उन पर फर्जी बिलों और हवाला चैनलों के जरिए 92 करोड़ रुपये विदेश भेजने का आरोप लगाया है।

दिल्ली की द्वारका स्थित एक कोर्ट ने रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के पूर्व समूह प्रबंध निदेशक सतीश सेठ को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश सुनाया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की पूछताछ के बाद उन्हें 2 जुलाई तक हिरासत में रखा जाएगा। सेठ को गुरुवार को अवकाशकालीन न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया था। उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में गिरफ्तार किया गया ईडी ने कहा था कि सतीश सेठ रिलायंस अनिल अंबानी समूह (आरएएजी) की कई समूह कंपनियों के प्रमुख वाणिज्यिक और वित्तीय निर्णयों पर पूर्ण नियंत्रण रखते हुए समूह प्रबंध निदेशक के पद पर थे। सेठ लेन-देन की संरचना, धन के प्रवाह और वित्तीय एवं प्रबंधकीय निर्णयों से संबंधित निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में शामिल रहे हैं। सेठ 2000 से 2007 तक आरआईएल में कार्यकारी निदेशक थे और उसके बाद 2003 से 2007 तक निदेशक मंडल के कार्यकारी उपाध्यक्ष रहे और उसके बाद 2007 से नवंबर 2024 तक गैर-कार्यकारी उपाध्यक्ष के रूप में बने रहे।

**पैसों की हेराफेरी का लगा है आरोप**

#### किन आरोपों का सामना कर रहे हैं सतीश सेठ?

सेठ पर फर्जी बिलों के जरिए हीरे के आयात के खिलाफ हवाला चैनलों से विदेशों में धन की हेराफेरी का आरोप है। ईडी ने आरोप लगाया कि आरआईएल दो राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) सड़क परियोजनाओं से सार्वजनिक धन की हेराफेरी का मुख्य लाभार्थी था।

#### किन राज्यों से जुड़ा है मामला?

जिन परियोजनाओं को लेकर मुकदमा चल रहा है, ये राजस्थान के जयपुर-रिंगस टोल सड़क और त्रिची-करूर टोल सड़क थीं। अदालत में ईडी की तरफ से दायर आरोप पत्र के अनुसार, आरआईएल ने 92 करोड़ रुपये विदेश भेजे। अदालत ने उन्हें न्यायिक हिरासत में चश्मा और डॉक्टर के पर्चे के अनुसार दवाएं लेने की अनुमति दी। जेल अधिकारियों को नियमावली के अनुसार बिस्तर उपलब्ध कराने का निर्णय लेने को कहा गया है।

## अफसरों को पीएम मोदी-ट्रंप के निर्देश- तेज करें प्रक्रिया, जल्द भारत आएंगे अमेरिकी प्रतिनिधि



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने G7 सम्मेलन में मुलाकात कर की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर हुई प्रगति की समीक्षा की। दोनों नेताओं ने अधिकारियों को समझौते की दिशा में काम करने का निर्देश दिया।

विदेश मंत्रालय (एमईए) ने गुरुवार को यह बात कही। दरअसल, जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों नेताओं ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने वार्ता किया, जिसका उद्देश्य तनावपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों को फिर से मजबूत करना था। प्रस्तावित व्यापार समझौते पर बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर अगले सप्ताह भारत का दौरा करेंगे। मोदी-ट्रंप की यह मुलाकात ओमान की खाड़ी में अमेरिकी सैन्य हमलों में एक व्यापारिक जहाज के तीन भारतीय चालक दल के सदस्यों की हत्या को लेकर भारत में बढ़ते आक्रोश के बीच हुई। विदेश मंत्रालय ने कहा, 'दोनों नेताओं ने फरवरी 2025 में वाशिंगटन डीसी में हुई अपनी बैठक के बाद से भारत-अमेरिका समझौते (सैन्य साझेदारी, त्वरित वाणिज्य और प्रौद्योगिकी के अवसरों को उत्प्रेरित करना) के तहत हासिल की गई महत्वपूर्ण प्रगति की समीक्षा की।'

#### पश्चिम एशिया में शांति समझौता पर की प्रशंसा

प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया में शांति लाने के प्रयासों के लिए ट्रंप की प्रशंसा भी की। विदेश मंत्रालय ने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप के उन प्रयासों की सराहना की, जिनके परिणामस्वरूप पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष को समाप्त करने और व्यापक क्षेत्र में शांति और स्थिरता बहाल करने के लिए एक समझौता हुआ।' इसमें कहा गया है कि उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य में नौवहन की स्वतंत्रता और निर्बाध वाणिज्य को बनाए रखने के महत्व और नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

#### पिछले साल दोनों देशों के रिश्ते में आई थी गिरावट

इसमें आगे कहा गया है, 'उन्होंने रक्षा, रणनीतिक प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और द्विपक्षीय व्यापार क्षेत्रों में हुए महत्वपूर्ण घटनाक्रमों का स्वागत किया।' पहल का उद्देश्य सहयोग के प्रमुख स्तंभों में परिवर्तनकारी बदलाव लाना है। पिछले साल वाशिंगटन द्वारा भारत पर दंडात्मक टैरिफ लगाने के बाद दोनों देशों के संबंधों में भारी गिरावट आई। वही, राष्ट्रपति ट्रंप ने मई 2025 में भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष को कम करने में अपनी भूमिका के बारे में जो दावे किए, उन पर भारतीय अधिकारियों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

## ब्रिटेन से 15 वर्षों में 3.78 लाख कारें आएंगी भारत, आयात पर टैक्स दरें होंगी कम



**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन के बीच हुए व्यापार समझौते के तहत आने वाले पहले 15 वर्षों में भारत ब्रिटेन से कुल 3.78 लाख पारंपरिक पेट्रोल और डीजल इंजन वाली यात्री कारों के आयात की अनुमति देगा। इसमें सिर्फ महंगी या खास कारें ही नहीं, बल्कि आम लोगों के इस्तेमाल वाली सस्ती और मध्यम श्रेणी कारें भी शामिल होंगी। इन कारों को भारत में लाने पर सामान्य कर (टैक्स) की तुलना में कम सीमा शुल्क देना होगा। इस समझौते के तहत कारों और दूसरे वाहनों के आयात पर लगने वाला कर (टैरिफ) लगभग 110 फीसदी से घटकर 10 फीसदी तक हो जाएगा। साथ ही दोनों देशों के बीच तय सीमा के अनुसार ही गाड़ियों के आयात और निर्यात की अनुमति दी जाएगी, यानी एक निश्चित संख्या (कोटा) से ज्यादा गाड़ियां नहीं लाई या भेजी जा सकेंगी। बुधवार को जारी इंडिया-ब्रिटेन सीईटीए दस्तावेज के अनुसार, भारत को ब्रिटेन के इलेक्ट्रिक, हाइब्रिड और हाइड्रोजन वाली यात्री कारों के बाजार में छठे वर्ष से बिना किसी शुल्क के निर्यात करने की सुविधा मिलेगी। यह सुविधा उन कारों पर लागू होगी, जिनकी कीमत 20 हजार से 80 हजार ब्रिटिश पाउंड के बीच है। धीरे-धीरे इस योजना के तहत निर्यात का कोटा बढ़ता जाएगा।

#### 45 से अधिक देशों में फैली भारतीय आम की मिठास, अमेरिका को 30% ज्यादा बढ़ेगा निर्यात

भारत का आम निर्यात इस सीजन में 45 से ज्यादा देशों तक फैल चुका है। खास बात है कि अमेरिका को पिछले साल के मुकाबले इस सीजन में ज्यादा आम निर्यात किए गए हैं, जबकि यह सीजन खत्म होने में अभी एक महीने बाकी हैं। एग्रीकल्चरल एंड प्रोसेस्ड फूड प्रोडक्ट्स एक्सपोर्ट डेवलपमेंट अथॉरिटी (एपीडा) ने कहा, मौजूदा रुझान के आधार पर दुनिया के सबसे बड़े आम आयातक देश अमेरिका को होने वाला निर्यात इस सीजन में 30 फीसदी से ज्यादा बढ़ने की उम्मीद है।

## चुटकुले

पत्नी: सुनो, मैं दो दिन के लिए मायके जा रही हूँ।
पति: भगवान करे, ये दो दिन कैलेंडर में 20 साल के हों!

---

शिक्षक: बताओ सबसे ज्यादा नशा किस चीज में होता है?
छात्र: किताबों में, खोलते ही नींद आ जाती है।

---

डॉक्टर: आपकी बीमारी की वजह तनाव है।
मरीज: तो फीस भी तनाव से ही ले लीजिए!

---

दोस्त: भाई, तू इतना चुप क्यों रहता है?
मैं: क्योंकि मेरी बात सुनने वाला कोई नहीं, और सलाह देने वाले हजार हैं।

---

पापा: बेटा, रिजल्ट कैसा रहा?
बेटा: वही रहा जो गरीब की किस्मत और नेता के वादे होते हैं।

---

पत्नी: मेरी कौन सी आदत सबसे अच्छी लगती है?
पति: नाराज होने के बाद खुद ही मान जाना।

---

लड़का: तुम्हारे पास दिमाग है?
दोस्त: है ना।
लड़का: अच्छा है, संभालकर रखना... आजकल लोग इस्तेमाल नहीं करते।

---

टीचर: अगर तुम्हारे पास 10 आम हैं और 5 मुझे दे दो तो क्या बचेगा?
छात्र: सर, दुश्मनी बचेगी।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# विश्व चैंपियनशिप में खेलने का नीरज को है अफसोस कोच जेलेज्नी से अलग होने की वजह भी बताई

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार भालाफेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग के जरिये सत्र की शुरूआत से पहले स्वीकार किया कि पिछले साल कमर की चोट के साथ विश्व चैंपियनशिप में उतरने का फैसला सही नहीं था। टोक्यो ओलंपिक चैंपियन और पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता नीरज सितंबर 2025 में टोक्यो विश्व चैंपियनशिप में 84.03 मीटर के थ्रो के साथ निराशाजनक आठवें स्थान पर रहे थे।





## नीरज को चोट से उबरने में लगा समय

चैंपियनशिप के बाद उन्होंने बताया था कि उनकी कमर के निचले हिस्से में चोट है। उन्हें इससे उबरने में समय लगा और इसी वजह से सत्र की शुरूआत में देरी हुई। नीरज अब शुक्रवार को दोहा डायमंड लीग के जरिये प्रतिस्पर्धा में वापसी करेंगे। इससे पहले नीरज ने कहा, टोक्यो विश्व चैंपियनशिप से पहले मुझे चोट लगी थी। हमने काफी मेहनत की और मैने टोक्यो में भी खेला, लेकिन मुझे नहीं लगता कि यह सही फैसला था क्योंकि मुझे पता था कि कुछ दिक्कत है। लेकिन वह 2025 की आखिरी प्रतियोगिता थी तो मैने खेलने का फैसला किया। एक खिलाड़ी के जीवन में अगर कोई एक चोट है और हम बचाने की कोशिश करते हैं तो दूसरी चोट महसूस होने लगती है। मेरे टखने में, फिर कंधे में दिक्कत थी। मैंने अपनी टीम और फिजियो के साथ मिलकर हर चोट पर काम किया। अब मैं फिट महसूस कर रहा हूं।

दोहा में ही उन्होंने विश्व रिकॉर्डधारी जान जेलेज्नी के कोच रहते 90 मीटर का आंकड़ा पार किया था। उन्होंने हालांकि कहा कि 16 मई 2025 को फेंका गया वह थ्रो तकनीकी तौर पर उनका सर्वश्रेष्ठ नहीं था। उन्होंने कहा, तकनीकी तौर पर वह थ्रो इतना अच्छा नहीं था। मैं दो तीन मीटर और दूर फेंक सकता था। विश्व चैंपियनशिप या ओलंपिक में क्वालिफिकेशन दौर के थ्रो अच्छे रहते हैं, लेकिन फाइनल में ज्यादा आक्रामक होने के चक्कर में तकनीक भूल जाता हूं।

### कोच जेलेज्नी से अलग होने पर क्या बोले नीरज?

इस साल जनवरी में जेलेज्नी से अलग हुए नीरज ने कहा कि वह अब अपने हिसाब से खेलना चाहते थे। उन्होंने कहा, जेलेज्नी महान खिलाड़ी और अच्छे कोच भी हैं। हमने कई चीजों पर काम किया और मैने उनके कोच रहते 90 मीटर का थ्रो फेंका। टोक्यो विश्व चैंपियनशिप के बाद लगा कि मुझे अपने हिसाब से एक भारतीय कोच के साथ काम करना चाहिए।

# दो दशकों की विरासत को सलामः छठे विश्व कप में उतरे मेसी और रोनाल्डो, फीफा ने 'लीगेसी' बैज से किया सम्मानित

**अर्जेंटीना।** फीफा विश्व कप 2026 में फुटबॉल के दो सबसे बड़े सितारे लियोनेल मेसी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो एक खास 'लीगेसी' स्लीव बैज के साथ मैदान पर नजर आए। फीफा ने यह नया सम्मान उन खिलाड़ियों के लिए शुरू किया है, जिन्होंने विश्व कप के पांच या उससे अधिक संस्करणों में हिस्सा लिया है। मेसी और रोनाल्डो दोनों ही 2026 विश्व कप में अपना छठा विश्व कप खेल रहे हैं, जो अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में उनकी लंबी और शानदार यात्रा का प्रमाण है।

## मेसी ने हैट्रिक के साथ किया आगाज

अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेस मेसी ने अल्जीरिया के खिलाफ टीम के पहले मुकाबले में 'लीगेसी' बैज पहना। मेसी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हैट्रिक लगाई और अर्जेंटीना को 3-0 की शानदार जीत दिलाई। उनके दमदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मेसी अब तक 2006, 2010, 2014, 2018, 2022 और 2026 विश्व कप में हिस्सा ले चुके हैं।

वहीं, पुर्तगाल के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो भी 'लीगेसी' बैज के साथ डीआर कांगो के खिलाफ मैदान पर उतरे। हालांकि, पुर्तगाल को अपने पहले मैच में निराशा हाथ लगी और टीम को 1-1 की बराबरी पर संतोष करना पड़ा। पुर्तगाल के लिए जाओ नेवेस ने शुरूआती बढ़त दिलाई, लेकिन डीआर कांगो के योआने विस्सा ने बराबरी का गोल कर मैच ड्रॉ करा दिया।

दो दशकों से विश्व कप का हिस्सा हैं रोनाल्डो

रोनाल्डो ने अपना पहला विश्व कप 2006 (जर्मनी) में खेला था। इसके बाद उन्होंने 2010 (दक्षिण अफ्रीका), 2014 (ब्राजील), 2018 (रूस), 2022 (कतर) और अब 2026 (उत्तरी अमेरिका) विश्व कप में पुर्तगाल का प्रतिनिधित्व किया है।

### रोनाल्डो और मेसी को मिला विशेष सम्मान



## फीफा का खास सम्मान

फीफा द्वारा शुरू किया गया 'लीगेसी' बैज उन खिलाड़ियों की उपलब्धियों को सम्मानित करने के लिए लाया गया है, जिन्होंने लंबे समय तक विश्व फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। मेसी और रोनाल्डो इस सम्मान को पाने वाले सबसे चर्चित खिलाड़ियों में शामिल हैं।

# भारतीय महिला मुक्केबाज मीनाक्षी ने क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाज मीनाक्षी ने गुरुवार को मुक्केबाजी विश्व कप के दूसरे चरण में महिलाओं के 51 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मौजूदा 48 किग्रा विश्व चैंपियन और इस वर्ग में दुनिया की नंबर एक मुक्केबाज मीनाक्षी इस टूर्नामेंट में ओलंपिक 51 किग्रा भार वर्ग में हिस्सा ले रही हैं। उन्होंने पोलैंड की नतालिया कुचेव्स्का के खिलाफ 5-0 से एकतरफा जीत हासिल करके अगले दौर में जगह बनाई।

### अविनाश जमवाल को मिली हार



## ज्योति-जुगनू ने पक्के किए पदक

चौथे दिन हुए एक और मुकाबले में अविनाश जमवाल (65 किग्रा) किर्गिस्तान के मिर्जोखिद इमामनाजारोव से 0-5 से हारकर बाहर हो गए। टूनामेंट में अब तक पांच भारतीय मुक्केबाज निखिल (55 किग्रा), दीपक (70 किग्रा), मीनाक्षी (51 किग्रा), प्राची (57 किग्रा) और स्नेह (65किग्रा) क्वार्टर फाइनल में पहुच चुके हैं। वहीं, ज्योति (48 किग्रा) और जुगनू (85 किग्रा) सेमीफाइनल में पहुंचकर देश के लिए पदक पक्का कर चुके हैं।

चार भारतीय मुक्केबाज अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेलेंगे। महिलाओं के वर्ग में मीनाक्षी (51 किग्रा) का सामना कजाखस्तान की अलुआ बाल्किबेकोवा से होगा, जबकि स्नेह (65 किग्रा) पोलैंड की किंगा क्रोव्का से भिड़ेंगी। प्राची 57 किग्रा वर्ग में चीनी ताइपे की शिह यी वू के सामने होंगी। पुरुषों के वर्ग में निखिल (55 किग्रा) का सामना अजरबेजान के अमीन मम्मादजादा से होगा।

# मेसी की हैट्रिक पर रोनाल्डो का बड़ा एलान, बोले- अब दुनिया मान ले सर्वकालिक महान खिलाड़ी

**ब्राजील।** ब्राजील के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने फीफा विश्व कप 2026 में अल्जीरिया के खिलाफ लियोनेल मेसी की हैट्रिक के बाद कहा कि अब समय आ गया है कि दुनिया यह स्वीकार करे कि मेसी ही सर्वकालिक महान खिलाड़ी हैं। अर्जेंटीना के स्टार खिलाड़ी मेसी ने अपने शानदार प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। उन्होंने विश्व कप में अपने करियर की पहली हैट्रिक लगाई। उनके इस प्रदर्शन से प्रभावित होने वालों में 2002 विश्व कप विजेता क्रिस्टियानो रोनाल्डो भी शामिल रहे।



## तीन गोल, तीन अंदाज; मेसी ने ऐसे पूरी की हैट्रिक

मैच में मेसी ने तीन अलग-अलग तरह के गोल किए। पहला गोल उन्होंने 17वें मिनट में लंबी दूरी से शानदार शॉट लगाकर किया। यह मौका अर्जेंटीना के डी पॉल के तेज फ्री-किक के बाद बना था। दूसरा गोल उन्होंने बॉक्स के अंदर रिबाउंड पर नजदीक से किया। यह मौका मैक एलिस्टर के प्रयास के बाद मिला था। मेसी ने 76वें मिनट में शानदार कर्लिंग शॉट लगाकर अपनी हैट्रिक पूरी की। इस गोल से पहले उन्होंने खुद दौड़ते हुए मूव की शुरूआत की थी।

### रिकॉर्ड पर मेसी ने दी विनम्र प्रतिक्रिया

इतिहास रचने के बावजूद मेसी ने विनम्रता बनाए रखी। उन्होंने कहा कि वह इस सम्मान को लेकर गौरवान्वित हैं, लेकिन रिकॉर्ड को ज्यादा महत्व नहीं देते। उन्होंने इन्हें सिर्फ एक आंकड़ा बताया और कहा कि रोनाल्डो जैसे महान खिलाड़ी भी हमेशा सूची में शीर्ष पर नहीं रहते। मेसी ने कहा यह सम्मान की बात है। एम्बाप्पे और रोनाल्डो भी वहां हैं, लेकिन ये आंकड़े ज्यादा मायने नहीं रखते। ये सिर्फ आंकड़े हैं। रोनाल्डो महान खिलाड़ियों में से एक हैं और वह पहले स्थान पर नहीं हैं, इसलिए यह सिर्फ एक आंकड़ा भर है।

## मेसी ने रचा इतिहास

इस हैट्रिक के साथ मेसी ने कई उपलब्धियां अपने नाम दर्ज कीं। सबसे बड़ी उपलब्धि विश्व कप इतिहास में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल होना रही। उन्होंने क्रिस्टियानो रोनाल्डो (15 गोल) को पीछे छोड़ दिया। साथ ही जर्मनी के गर्ड मुलर और फ्रांस के किलियन एम्बाप्पे को भी पीछे छोड़ा, जिनके नाम 14-14 गोल थे। उल्लेखनीय है कि इससे पहले एम्बाप्पे ने सेनेगल के खिलाफ दो गोल कर मुलर की बराबरी की थी।

## गोल के बाद भावुक हुए मेसी

अल्जीरिया के खिलाफ अपनी हैट्रिक का पहला गोल करने के बाद मेसी भावुक होकर रोते हुए भी दिखाई दिए। बाद में उन्होंने बताया कि उनकी भावनाएं खेल से जुड़ी नहीं थीं, बल्कि हाल के दिनों में उन्होंने कुछ कठिन और जटिल समय का सामना किया था। मेसी ने कहा इसका खेल से कोई संबंध नहीं था। मैंने कुछ कठिन और जटिल दिन देखे हैं। मैं टीम और अपने सभी साथियों का आभारी हूं। वे हमेशा मेरे साथ खड़े रहे और उन्होंने मुझे इन परिस्थितियों से बाहर निकलने की ताकत दी।

### रोनाल्डो ने मेसी को बताया सर्वकालिक महान खिलाड़ी

क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने कहा, अब दुनिया को छिपना बंद कर देना चाहिए और इस सच्चाई को स्वीकार करना चाहिए कि वह अब तक के सबसे बेहतरीन खिलाड़ी हैं। वह हर सीजन और विश्व कप में लगातार शानदार प्रदर्शन करते हैं, फिर भी उनके बारे में संदेह बना रहता है। यह एक अविस्मरणीय और ऐतिहासिक रात है, जो हमेशा इतिहास के पन्नों में दर्ज रहेगी।₹ इससे पहले मेसी ने विश्व कप में सर्वकालिक गोल स्कोररों की सूची में रोनाल्डो की बराबरी करने और जर्मनी के मिरोस्लाव क्लोजे के रिकॉर्ड की बराबरी करने के बाद कहा था कि आंकड़े ज्यादा मायने नहीं रखते। गौरतलब है कि मेसी ने विश्व कप 2026 अभियान की शुरूआत प्लेयर ऑफ द मैच प्रदर्शन के साथ की। उनकी हैट्रिक की बदौलत अर्जेंटीना ने मंगलवार को अल्जीरिया को 3-0 से हराया।

# मनप्रीत सिंह बने भारतीय हॉकी के सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी, विराट कोहली को मानते हैं आदर्श



**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी टीम के दिग्गज मिडफील्डर मनप्रीत सिंह ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। जर्मनी के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग मुकाबले में अपना 413वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेलकर मनप्रीत भारत के सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले हॉकी खिलाड़ी बन गए। उन्होंने पूर्व कप्तान और मौजूदा हॉकी इंडिया अध्यक्ष दिलीप तिर्की (412 मैच) का रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया। इस उपलब्धि पर हॉकी इंडिया ने उन्हें 10 लाख रुपये की सम्मान राशि देने की घोषणा की। मनप्रीत ने बताया कि वह भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को अपना आदर्श मानते हैं।

## हॉकी इंडिया ने सराहा

मनप्रीत की ऐतिहासिक उपलब्धि पर हॉकी इंडिया ने कहा कि पिछले डेढ़ दशक से मनप्रीत भारतीय हॉकी की धड़कन रहे हैं। 2011 में 19 साल की उम्र में सीनियर टीम में डेब्यू करने वाले मनप्रीत ने भारतीय हॉकी के पुनरुत्थान में अहम भूमिका निभाई है और अब वह देश के सबसे महान खिलाड़ियों में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं।

## रिकॉर्ड पर क्या बोले मनप्रीत?

इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए मनप्रीत ने कहा कि भारत का प्रतिनिधित्व करना उनके जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है। उन्होंने कहा, 'भारत के लिए इतने मैच खेलना मेरे लिए गर्व की बात है। यह उपलब्धि मैं अपने साथ खेलने वाले सभी साथियों को समर्पित करता हूं। मेरे परिवार, खासकर मेरी मां, भाइयों, पत्नी और बच्चों का इस सफर में बहुत बड़ा योगदान रहा है।'

### टोक्यो की खुशी, लंदन का दर्द

मनप्रीत ने 2021 टोक्यो ओलंपिक में भारत को 41 साल बाद दिलाए गए कांस्य पदक को अपने करियर का सबसे यादगार पल बताया। वहीं 2012 लंदन ओलंपिक को सबसे निराशाजनक अनुभव करार दिया, जहां भारतीय टीम एक भी मैच नहीं जीत सकी थी और अंतिम स्थान पर रही थी।

मनप्रीत ने अपनी सफलता और लंबे करियर का श्रेय फिटनेस को दिया। उन्होंने बताया कि भारतीय क्रिकेट स्टार विराट कोहली उनकी प्रेरणा हैं। मनप्रीत ने कहा, 'विराट कोहली सिर्फ मेरे ही नहीं, हर खिलाड़ी के लिए प्रेरणा हैं। उनकी फिटनेस, मैदान पर आक्रामकता और समर्पण से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। मैं भी क्रिस्टियानो रोनाल्डो का प्रशंसक हूं और विराट भी उनके बड़े फैन हैं।' उन्होंने कहा कि भारत के लिए लंबे समय तक खेलने की भूख ने उन्हें हमेशा फिट रहने के लिए प्रेरित किया। दो ओलंपिक कांस्य पदक जीतने के बावजूद मनप्रीत का सबसे बड़ा सपना अभी अधूरा है। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य भारत के लिए ओलंपिक स्वर्ण पदक और विश्व कप पदक जीतना है। मनप्रीत ने कहा, 'टोक्यो ओलंपिक का कांस्य पदक मेरे करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि है, लेकिन मेरा सपना ओलंपिक गोल्ड और वर्ल्ड कप में पदक जीतना है। यही सपना मुझे आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।' मनप्रीत ने कहा कि उनका लक्ष्य 2028 के लॉस एंजिलिस ओलंपिक तक खेलना है, लेकिन यह पूरी तरह उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा। उन्होंने कहा, 'मैं तब तक खेलना चाहता हूं जब तक टीम के लिए योगदान दे सकूं।

# एशियाई खेलों के लिए मनिका बत्रा का क्यों नहीं हुआ चयन? टीटीएफआई ने खड़े किए सवाल

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे चर्चित टेबल टेनिस खिलाड़ियों में शामिल मनिका बत्रा को इस साल होने वाले एशियन गेम्स की राष्ट्रीय टीम से बाहर कर दिया गया है। उन्हें भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई ) द्वारा तय चयन मानकों को पूरा न करने के कारण स्क्वाड में जगह नहीं मिली।

घरेलू टूनार्मेंट में अनुपस्थिति बनी वजह

मनिका बत्रा को टीम से बाहर किए जाने का मुख्य कारण उनका घरेलू प्रतियोगिताओं में हिस्सा न लेना बताया जा रहा है। इसी वजह से उनका नाम टीटीएफआई की राष्ट्रीय रैंकिंग में शामिल नहीं हो सका। 20वें एशियन गेम्स का आयोजन जापान के आइची-नागोया में 19 सितंबर से 4 अक्तूबर तक किया जाएगा। टेबल टेनिस मुकाबले 20 से 28 सितंबर के बीच खेले जाएंगे।

हालांकि टीम से बाहर किए जाने के बावजूद मनिका बत्रा को रिजर्व खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया गया है। उनके साथ स्वस्तिका घोष भी रिजर्व में हैं। मनिका बत्रा वर्तमान में भारत की दूसरी सर्वोच्च रैंकिंग वाली महिला खिलाड़ी हैं, जिनकी टीटीएफआई रैंकिंग 51 है। उनसे आगे श्रीजा अकुला हैं, जो 45वें स्थान पर हैं।



टीटीएफआई के अनुसार चयन प्रक्रिया में 50 प्रतिशत वेटेज राष्ट्रीय रैंकिंग, 40 प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग और 10 प्रतिशत चयन समिति के विवेक पर आधारित होता है। इसी आधार पर खिलाड़ियों का चयन किया गया। मनिका की अनुपस्थिति में महिला टीम की कमान श्रीजा अकुला संभालेंगी। टीम में यशस्विनी घोरपड़े, दिया चिताले, सुतीर्था मुखर्जी और सिंद्रेला दास शामिल हैं। पुरुष टीम का नेतृत्व जी. साथियान और हरमीत देसाई करेंगे। उनके साथ मानव विकास ठाक्कर, मानव शाह और युवा खिलाड़ी पायस जैन को भी जगह मिली है। वहीं, अंकर भट्टाचार्य और रोनित भान्जा को रिजर्व में रखा गया है।

## एशिया की बड़ी टीमों से होगी टक्कर

एशियन गेम्स में टेबल टेनिस मुकाबले बेहद प्रतिस्पर्धी रहने वाले हैं, जहां चीन, जापान, दक्षिण कोरिया और चीनी ताइपे जैसी मजबूत टीमें हिस्सा लेंगी।

# क्या मेसी के भारत दौरे में हुई थी गड़बड़ी?

## पूर्व मंत्री अरूप से पुलिस की पूछताछ ने बढ़ाए सवाल

**नई दिल्ली।** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनल मेसी के 2025 के भारत दौरे से जुड़े कथित अनियमितताओं के मामले में जांच तेज हो गई है। पश्चिम बंगाल के पूर्व खेल मंत्री और तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अरूप बिस्वास गुरुवार को बिधाननगर पुलिस आयुक्तालय मुख्यालय पहुंचे, जहां उनसे मामले में पूछताछ की गई। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, बिस्वास सुबह करीब 9:55 बजे बिधाननगर पुलिस कमिश्नरेट पहुंचे। इससे पहले वह पुलिस के तीन समन पर उपस्थित नहीं हुए थे।

## क्या है पूरा मामला?

यह मामला पिछले वर्ष 13 दिसंबर को कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में आयोजित उस हाई-प्रोफाइल फुटबॉल कार्यक्रम से जुड़ा है, जिसमें लियोनल मेसी शामिल हुए थे। कार्यक्रम के आयोजक शतद्रु दत्ता ने अरूप बिस्वास के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में टिकटों की कालाबाजारी, जबरन वसूली, धोखाधड़ी और आपराधिक धमकी जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इन्हीं आरोपों के आधार पर बिधाननगर पुलिस मामले की जांच कर रही है।



### अरूप बिस्वास ने आरोपों से किया इनकार

पूर्व खेल मंत्री अरूप बिस्वास लगातार अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज करते रहे हैं। उनका कहना है कि कार्यक्रम के वित्तीय मामलों से उनका कोई संबंध नहीं था। इससे पहले कलकत्ता हाईकोर्ट ने उन्हें किसी भी कठोर कार्रवाई से सशर्त राहत देते हुए जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया था। पांच जून को बिस्वास ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए बिधाननगर दक्षिण थाने को पत्र लिखकर पेश होने के लिए दो सप्ताह का अतिरिक्त समय मांगा था।

## कार्यक्रम के दौरान हुआ था हंगामा

मेसी के कार्यक्रम के बाद स्टेडियम में कुछ दर्शकों ने तोड़फोड़ भी की थी। आरोप था कि हजारों रुपये खर्च कर टिकट खरीदने के बावजूद उन्हें मेसी की एक झलक तक नहीं मिल सकी। कई दर्शकों का दावा था कि मैदान पर प्रभावशाली लोगों की भीड़ मेसी के आसपास बनी रही, जिसके कारण आम दर्शकों को उनसे जुड़ा अनुभव नहीं मिल पाया। इसी वजह से कार्यक्रम के बाद नाराजगी देखने को मिली थी।

## आयोजक का नया दावा

इस बीच मेसी के भारत दौरे के आयोजक शतद्रु दत्ता ने बुधवार को दावा किया कि फुटबॉलर की संचार टीम ने पुलिस को एक पत्र भेजा है, जिसमें पूरे विवाद के लिए अरूप बिस्वास को जिम्मेदार ठहराया गया है। दत्ता का यह भी दावा है कि उक्त पत्र में उनके खिलाफ लगाए गए कुप्रबंधन के आरोपों से उन्हें मुक्त बताया गया है। गौरतलब है कि इसी मामले में उन्हें पहले गिरफ्तार कर जेल भी जाना पड़ा था। हालांकि, इस कथित पत्र को लेकर बिधाननगर पुलिस ने अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है और मामले पर चुप्पी साध रखी है।

पूर्व मंत्री की पेशी के बाद अब इस मामले की जांच नए चरण में पहुंच गई है। पुलिस की पूछताछ और उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। फिलहाल सभी की नजरें इस बात पर हैं कि जांच में क्या नए तथ्य सामने आते हैं और मेसी के बहुचर्चित भारत दौरे से जुड़े विवाद का सच क्या है।

# गुरनूर बरार ने किस तरह खुद को अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए किया तैयार? तेज गेंदबाज ने किसे दिया श्रेय



**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज से 50 ओवर के प्रारूप में डेब्यू करने वाले तेज गेंदबाज गुरनूर बरार ने बताया है कि किस तरह उन्होंने खुद को अंतरराष्ट्रीय स्तर में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए तैयार किया। बरार ने इसके लिए घरेलू क्रिकेट में वर्षों तक अपने कौशल को निखारने और भारत ए के लिए खेलने के मौके को श्रेय दिया है। पंजाब के इस तेज गेंदबाज ने अफगानिस्तान के खिलाफ अपनी पहली वनडे सीरीज में अपनी गति और नियंत्रण से सबको प्रभावित किया है।

## वर्तमान सीरीज में बरार ने किया प्रभावित

इस 20 वर्षीय तेज गेंदबाज ने वर्तमान सीरीज में अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने अपनी गति, उछाल और दबाव में यॉर्कर डालने की क्षमता से बल्लेबाजों को परेशान किया है। बरार ने दोनों वनडे मैचों में 15.5 ओवर में छह विकेट लिए हैं। बरार ने कहा, मेरे लिए भारत ए के टीम में जगह बनाना बड़ी बात थी। अगर हम रणजी ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो हमें भारत ए, दलीप ट्रॉफी या ईरानी कप के लिए चुना जाएगा। जब मुझे भारत ए टीम में शामिल किया गया तो मैं बहुत खुश था। मेरे लिए यह बिल्कुल वैसा ही था जैसा रणजी में गेंदबाजी करते समय होता था। तेज गेंदबाजी करना, सटीक लेंथ पर गेंद डालना और गेंद को स्विंग कराना। मैंने भारत ए की तरफ से खेलते हुए भी ठीक वैसा ही करने की कोशिश की और उसी लाइन पर गेंद डाली।

### भारत ने अपने नाम की सीरीज

भारत ने अफगानिस्तान को दूसरे वनडे मैच में 170 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। भारत ने पहली बार शुभमन गिल की कप्तानी में वनडे सीरीज जीती है। भारत और अफगानिस्तान के बीच सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला 20 जून को चेन्नई में खेला जाएगा।

छह फीट पांच इंच लंबे बरार ने अपनी शॉर्ट पिच गेंदों से बल्लेबाजों को खासा परेशान किया है। उन्होंने कहा, मैं खुद पर और अपने काम पर भरोसा रखता हूं। मैं जिस तरह की गेंद भी करूं उस पर भरोसा रखता हूं। मैं इन दोनों मैचों में बेहतर प्रदर्शन करना चाहता था। मुझे पता है कि मैं इससे भी बेहतर प्रदर्शन कर सकता था। उम्मीद है कि आगामी मैचों में मैं और बेहतर प्रदर्शन करने में सफल रहूंगा।

बरार ने इसके साथ ही कहा कि आईपीएल में गुजरात टाइटंस की तरफ से खेलने से उन्हें फायदा मिला। उन्होंने कहा, गुजरात टाइटंस में बहुत अच्छा माहौल है। वहां आशीष नेहरा सर, कगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और ईशांत शर्मा जैसे खिलाड़ी हैं, जिनसे बहुत कुछ सीखने को मिलता है। जाहिर है हर खिलाड़ी खेलने का मौका चाहता है और मैं भी वहां अपने मौके का इंतजार कर रहा था। मुझे वहां सीखने का काफी मौका मिला। मैं भारत की तरफ से खेलने से बहुत खुश हूं।

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
06 | शुक्रवार • 19 जून -2026

# गाजियाबाद आसपास




# डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने निगम की पहल को बताया खास, कहा सुंदर व संवर रहा है शहर

## 50 इलेक्ट्रिक कूड़ा कलेक्शन वाहन, कचरा पृथक्करण जागरूकता वीडियो और कंट्रोल रूम का किया शुभारंभ व निरीक्षण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने गुरुवार को गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पहुंचकर स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और स्मार्ट सिटी परियोजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने 50 इलेक्ट्रिक डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों और दो ट्रिपल-आर वाहनों को हरी झंडी दिखाई।

साथ ही नगर निगम द्वारा तैयार कचरा पृथक्करण संबंधी जागरूकता वीडियो का शुभारंभ किया। साथ ही इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (ट्रैफिक कंट्रोन रूम) का निरीक्षण किया। डिप्टी सीएम ने कहा कि शहर को स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ बनाने के लिए नगर निगम द्वारा किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने नागरिकों से गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग करने की अपील करते हुए कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को सफल बनाने में जनसहभागिता सबसे महत्वपूर्ण है।

### सफाई मित्रों का सम्मान, 50 ई-व्हीकल और 2 ट्रिपल-आर वाहन रवाना

करंट क्राइम : डिप्टी सीएम ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रों को पानी की बोतल और लंच बॉक्स भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था में सफाई कर्मियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर 50 इलेक्ट्रिक कूड़ा कलेक्शन वाहनों और दो ट्रिपल-आर वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। ई-वाहन सभी जोनों में तैनात होकर घरों से गीला और सूखा कचरा अलग-अलग एकत्र करेंगे, जबकि ट्रिपल-आर वाहन पुराने कपड़े, किताबें और अन्य उपयोगी सामान संग्रहित कर पुनः उपयोग की मुहिम को बढ़ावा देंगे।

### कचरा पृथक्करण के लिए जागरूकता वीडियो लॉन्च

करंट क्राइम : नगर निगम द्वारा तैयार 1 मिनट 34 सेकेंड की ज्ञानवर्धक वीडियो का शुभारंभ करते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि घरों से निकलने वाले गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग करना स्वच्छ शहर की दिशा में बड़ा कदम है। वीडियो के माध्यम से एक परिवार को कचरा पृथक्करण के लिए प्रेरित करते हुए जन-जन तक संदेश पहुंचाया जा रहा है। महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि शहरभर में लोगों को इस अभियान से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

### ट्रैफिक कंट्रोन रूम का निरीक्षण, ट्रैफिक और कूड़ा कलेक्शन मॉनिटरिंग की जानकारी ली

करंट क्राइम : नगर निगम मुख्यालय स्थित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का निरीक्षण करते हुए डिप्टी सीएम ने आईटीएमएस, वीटीएमएस और कॉल सेंटर की कार्यप्रणाली देखी। नगर आयुक्त ने उन्हें शहर की यातायात व्यवस्था, डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन की निगरानी तथा जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण की व्यवस्था की जानकारी दी। डिप्टी सीएम ने कहा कि तकनीक के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का तेजी से समाधान करना नगर निगम का सराहनीय प्रयास है। कार्यक्रम में सांसद अतुल गर्ग, विधायक संजीव शर्मा, महापौर सुनीता दयाल, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, पार्षदगण एवं निगम अधिकारी उपस्थित रहे।




### सिस्टम का ये हाल तीन पेटी का कमीशन खुद चलकर पहुंच गया अस्पताल

सिस्टम शब्द का अर्थ डिक्शनरी में कुछ और होता होगा लेकिन सरकारी महकमों में सब जानते हैं कि सिस्टम का क्या मतलब होता है। जो कायदे में रहते हैं वो ही फायदे में रहते हैं। किस्सा एक ऐसी मदद का गूंज रहा है जिसमें मदद करने वाले का स्टाईल जानकार ही सब हैरान रह गये हैं। उन्होंने गर्व से कहा कि हमें उन्हें तीन पेटी की मदद अस्पताल तक पहुंचाई है। इतना सुनते ही सब हैरान रह गये कि इतनी केयर करना उनकी नेचर में नहीं है। नाली खडंजे वाले भी मामले की तह तक गये और किसी ने गाली दी तो किसी ने ताली बजाई कि वाह क्या स्टाईल है। पता चला कि अस्पताल में लेटे व्यक्ति के हिस्से में जो कमीशन के तीन पेटी आ रहे थे वो ही तीन पेटी ठेकेदार से कह कर एडवांस में अपने पास मंगाये गये और फिर वो ही तीन पेटी अस्पताल में भिजवा दिये गये। इस तरह से जो महान मदद की गई है उस मदद का किस्सा सीवर वालों में गूंज रहा है। ऐसी मदद जो कभी किसी ने देखी ना सुनी मगर हो गई।

### उन्हें बताना चाहिए अपने घर का और वार्ड का सही सही पता

किस्सा इंट्रोडक्शन का गूंज रहा है और किस्से में एक बार फिर से वो हैं जिन पर गवर्नर की कृपा हुई है और वो खुद को गवर्नर से कम नहीं मान रहे। यहां पर पता चला कि उन्होंने जो केक काटा था वो दूसरे वार्ड का था। उस वार्ड में वो सफाई वाले गिनने गये थे लेकिन घमासान हो गया था। सुना है कि अफसर ने जब उनसे उनका वार्ड पूछा तो उन्होंने पता ही गलत बता दिया। हो सकता है कि भूल चूक वाला मामला हो गया हो क्योंकि वार्ड में जो डिजीट है उसमें एक का ही फर्क है बाकी दोनों मिलते जुलते नाम हैं। अब सरकारी गलियारे से ये आवाज आई कि उन्हें पता सही बताना चाहिए था और इधर ये कहा गया कि हम गवर्नर से मुहर लग कर आये हैं। हम से हमारा वार्ड मत पूछो, हम जहां चाहे पूरे शहर में अपनी निधि से विकास करा सकते हैं। लेकिन आवाज फिर वही आई कि आप थाईलैंड से लेकर बांग्लादेश तक विकास करा दो मगर कम से कम वार्ड का पता तो सही बता दो।

### वाटर वाले महाप्रबंधक ने क्यों रूकवा दिया फोन करके पम्प वाला काम

राजनीति हमेशा बड़े दिल से होती है और सरकारी काम रूल से होते हैं। किस्सा एक ऐसे जनप्रतिनिधि से जुड़ा है जो फूल वाले हैं लेकिन लहजा उनका कतई कूल नहीं है। शब्दों से बबूल हैं और उनकी मर्जी के बिना महकमें में पत्ता हिल जाये, उन्हें ये बिल्कुल भी कबूल नहीं है। सुना है कि वाटर वाला काम चल रहा था। लोग परेशान थे तो समाधान के लिए पहले काम शुरू किया गया। पता चला कि एक फोन आया और फोन की टोन ऐसी थी कि तुरंत ही वाटर वाले महाप्रबंधक ने होता हुआ काम रूकवा दिया। मौहल्ले वाले हैरान है कि पानी का सोल्यूशन हो जाता मगर पता नहीं उनकी शान में क्या गुस्ताखी हो गई। बहरहाल अफसर ने तत्काल ही काम रूकवा दिया।

# प्राकृतिक खेती अपनाने से बढ़ेगी किसानों की आय, घटेगी लागत : उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक

## प्राकृतिक खेती कार्यशाला एवं कृषक गोष्ठी में 500 से अधिक किसानों ने किया प्रतिभाग









**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर समेकित जन कल्याण एवं जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्राकृतिक खेती कार्यशाला, त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम तथा जनपद स्तरीय कृषक गोष्ठी का आयोजन विकास भवन परिसर, गाजियाबाद में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने की। कार्यक्रम में लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर, गाजियाबाद विधायक संजीव शर्मा, मोदीनगर विधायक डॉ. मंजू शिवाच, गाजियाबाद महापौर सुनीता दयाल, जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़, मुख्य विकास अधिकारी कुमार सौरभ, उप कृषि निदेशक आशीष कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी अमित कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एस.पी. पाण्डेय, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह तथा कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. आकांक्षा सिंह एवं डॉ. चन्द्रपाल गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं लगभग 500 किसान उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारम्भ उप कृषि निदेशक आशीष कुमार सिंह द्वारा कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी एवं कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत कर किया गया। इसके उपरांत कृषि वैज्ञानिक डॉ. प्रमोद कुमार एवं डॉ. चन्द्रपाल गुप्ता ने प्राकृतिक खेती के विभिन्न आयामों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

कार्यशाला के दौरान किसानों को जीवामृत एवं बीजामृत तैयार करने की प्रक्रिया का लाइव प्रदर्शन कर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण, कम लागत में अधिक उत्पादन तथा कृषि में नवाचारों पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत चर्चा की गई। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किसानों से प्राकृतिक एवं जैविक खेती को अपनाने की अपील करते हुए कहा कि इससे खेती की लागत कम होगी, मिट्टी की उर्वरता बढ़ेगी तथा किसानों की आय में वृद्धि होगी। उन्होंने संतुलित मात्रा में रासायनिक उर्वरकों के उपयोग, 'खेत बचाओ अभियान' से जुड़ने, संतुलित कीटनाशकों के प्रयोग तथा जैविक कीटनाशकों को बढ़ावा देने का आह्वान किया। साथ ही किसानों से 'ग्रो सेफ फूड 2.0' अभियान से जुड़ने की अपील भी की। कार्यक्रम के दौरान किसानों को मिलेट्स उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु बाजरा बीज की निःशुल्क मिनीकिट का वितरण भी किया गया। अंत में जिला कृषि अधिकारी अमित कुमार ने सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, वैज्ञानिकों, कृषकों एवं मीडिया प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।

### कचरा पृथक्करण जागरूकता वीडियो का डिप्टी सीएम ने किया शुभारंभ



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने गाजियाबाद नगर निगम की 50 इलेक्ट्रॉनिक डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण वाहनों को हरी झंडी दिखाने के बाद नगर निगम मुख्यालय में कचरा पृथक्करण पर आधारित जागरूकता वीडियो का शुभारंभ किया। 1 मिनट 34 सेकंड की इस वीडियो के माध्यम से शहरवासियों को गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने का संदेश दिया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को प्रभावी बनाने के लिए नागरिकों का सहयोग बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि नगर निगम घरों से अलग-अलग एकत्रित कचरे को स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशनों के माध्यम से प्रोसेसिंग यूनिट तक पहुंचा रहा है, इसलिए कचरा पृथक्करण आवश्यक है। महापौर और नगर आयुक्त ने बताया कि वीडियो के जरिए जन-जन को कचरा पृथक्करण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसमें एक परिवार को कचरा अलग-अलग रखने के लिए प्रेरित करते हुए दिखाया गया है। कार्यक्रम में विधायक संजीव शर्मा, पार्षद राजीव शर्मा, पूनम सिंह, संतोष, दयानंद शर्मा, नीरज गोयल सहित अन्य जनप्रतिनिधि और निगम अधिकारी मौजूद रहे।

# उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दिया जैविक खेती अपनाने का संदेश







**गाजियाबाद करंट क्राइम।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चल रहे समेकित जनकल्याण एवं जनजागरूकता अभियान के तहत विकास भवन परिसर में प्राकृतिक खेती कार्यशाला, त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम एवं जनपद स्तरीय कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने की।

गोष्ठी में लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर, सदर विधायक संजीव शर्मा, मोदीनगर विधायक मंजू शिवाच, महापौर सुनीता दयाल, जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़, मुख्य विकास अधिकारी कुमार सौरभ सहित कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र और अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में लगभग 500 किसानों ने भाग लिया।

उप कृषि निदेशक आशीष कुमार सिंह ने कृषि विभाग की योजनाओं और कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को प्राकृतिक खेती, जैविक कीटनाशकों, जल संरक्षण और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी। कार्यशाला के दौरान जीवामृत और बीजामृत तैयार करने का लाइव प्रदर्शन भी किया गया।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किसानों से प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे खेती की लागत कम होगी, मिट्टी की गुणवत्ता सुधरेगी और किसानों की आय बढ़ेगी। उन्होंने संतुलित उर्वरक उपयोग, खेत बचाओ अभियान और ग्रो सेफ फूड 2.0 अभियान से जुड़ने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान किसानों को मिलेट्स उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए बाजरा बीज की निःशुल्क मिनीकिट भी वितरित की गई। अंत में जिला कृषि अधिकारी अमित कुमार ने सभी अतिथियों, वैज्ञानिकों, कृषकों और मीडिया प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।




### रात में हो कारों की जांच तो नजर आएंगी टू-स्टारों की कैप ही कैप

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इन दिनों तमाम तरीके के अभियान और कारवाई वाला एक्शन मोड चल रहा है लेकिन इन सबके बीच अब सवाल उठ रहा है कि रात में कारों की जांच होनी चाहिए। दरअसल पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं की रात में कई थानाक्षेत्रों में उनके चौकी प्रभारी ही देर रात वाले कार्यक्रम में व्यस्त हो जाते हैं। अब सुनने में आया है कि सिटी जोन की एक अधिकारी के निकट वाली चौकी पर तैनात टू-स्टार रात में काले शीशे वाली गाड़ी में बैठे थे और वह पार्टी वाला लुफ्त ले रहे थे। वैसे बताया जा रहा है की गाड़ी में दो कैप रखी थीं, एक आगे और एक पीछे। पहले तो आसपास वालों को शक हुआ पर थोड़ी ही देर में कंफम हो गया की मामला सरकारी है। इन सबके बीच जानकारी मिली है कि यह आलम केवल एक थानाक्षेत्र का नहीं है। कहा जा रहा है कि कैप वाले कांड रात के अंधेरे में ही नहीं दिन के ऊजाले में भी जमकर हो रहे हैं। वहीं बीते दिनों एक कार्रवाई हुई थी, वहां के चौकी वाले लाइन भेजे गए हैं। अब पुलिस के सूत्रों द्वारा जानकारी दी गई है कि उस चौकी में भी यही मामला एक अधिकारी के संज्ञान में आया था। इन सबके बीच जानकारी यह है की गाजियाबाद में पुलिस वालों के अलावा तमाम तरीके के लोग अपनी गाड़ियों में पुलिस की टोपी रखकर उसका जमकर रौब गालिब कर रहे हैं। तो कानून व्यवस्था की स्थिति को भी कई बार तोड़ने का काम करते हैं। वैसे सुनने में आ रहा है कि नदिया पार के एक होटल के बाहर का भी बीते दिनों का मामला है, जिसमें खाकी वाली टोपी वाले कुछ युवकों ने मैनेजर को लोकल भाषा में समझाया था। वैसे इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाली सिस्टम में ट्रैफिक वाला महकमा महत्वपूर्ण, मजबूत और बड़ा होने के बावजूद इस अभियान को ना तो शुरू कर पाया है और ना ही कार्रवाई कर पा रहा है। इसके पीछे का कारण चाहे जो भी हो लेकिन अगर आने वाले दिनों में कोई आक्रामक और भयानक वीडियो वायरल होती है, तो अधिकारियों को फिर संज्ञान लेना ही पड़ेगा। उधर सूत्र बता रहे हैं कि लाइन और एक खास ऑफिस में पहले आने वाले पुलिसकर्मी हेलमेट में नजर आते थे लेकिन अब यह वाला नियम भी जमकर टूट रहा है। देखना होगा अब इनपर एक्शन कब होता है।




# विकास भवन में 12 साल की उपलब्धियों की प्रदर्शनी
# बृजेश पाठक ने गिनाईं केंद्र सरकार की उपलब्धियां

## किसानों, युवाओं और गरीबों के लिए समर्पित रहा 12 वर्षों का कार्यकाल : बृजेश पाठक









**गाजियाबाद करंट क्राइम।** केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विकास भवन में आयोजित तीन दिवसीय जनकल्याणकारी प्रदर्शनी के दूसरे दिन उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कार्यक्रम में भाग लेकर विभिन्न विभागों की योजनाओं और उपलब्धियों का अवलोकन किया। उनके आगमन पर जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉदड़ और मुख्य विकास अधिकारी कुमार सौरभ ने स्वागत किया।

उपमुख्यमंत्री ने कृषि विभाग द्वारा आयोजित प्राकृतिक खेती, कृषक कल्याण, कृषि, पौध संरक्षण, जैविक कीटनाशक एवं मिलेट्स विषयक गोष्ठी का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्षा ममता त्यागी, महापौर सुनीता दयाल, सदर विधायक संजीव शर्मा, मोदीनगर विधायक डॉ. मंजू सिवाच, लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल और बसंत त्यागी सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए बृजेश पाठक ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश में विकास, सुशासन, सामाजिक सुधार और आर्थिक मजबूती के क्षेत्र में व्यापक बदलाव हुए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम-कुसुम योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड और अन्य योजनाओं के माध्यम से सशक्त बनाया गया है। साथ ही युवाओं और उद्यमियों को विभिन्न स्वरोजगार एवं एमएसएमई योजनाओं के जरिए अवसर उपलब्ध कराए गए हैं।

प्रदर्शनी में ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्योग, नगर निगम, पंचायत राज, समाज कल्याण, कौशल विकास, आयुष, पर्यटन, खाद्य एवं रसद, पशुपालन, मत्स्य और उद्यान सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए। जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने इन स्टॉलों का अवलोकन कर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

### सूचना विभाग की प्रदर्शनी और सेल्फी प्वाइंट बने आकर्षण

कार्यक्रम में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी और सेल्फी प्वाइंट आगंतुकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। प्रदर्शनी के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और उपलब्धियों की जानकारी नागरिकों तक पहुंचाई गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों और जनजागरूकता गतिविधियों ने भी लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

### आज होंगे सूर्य घर योजना और पेंशन योजनाओं पर कार्यक्रम

जिला प्रशासन के अनुसार प्रदर्शनी के अंतिम दिन 19 जून को सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना एवं एनजीओ सहभागिता विषयक गोष्ठी तथा दोपहर 3 बजे पेंशन विभाग की लाभार्थीपरक योजनाओं पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सीए दीपक मित्तल और सीए रेश्मा मित्तल के सुपुत्र अरूष मित्तल ने चार्टेड एकाउटेंट यानी सीए की परीक्षा पास कर ली है। अरूष मित्तल की इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए सहकारिता क्रय विक्रय समिति के चेयरमैन वीरेन्द्र सारस्वत ने सीए दीपक मित्तल और सीए रेश्मा मित्तल को बधाई और शुभकामनाएं दी। वीरेन्द्र सारस्वत ने अरूष मित्तल की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सीए अरूष मित्तल के पिता सीए दीपक मित्तल समाजसेवा में सक्रिय रहते हैं। वो रामलीला समिति राजनगर और राजनगर आरडब्लूए सहित कई संस्थाओं से जुड़े हैं। सफलता की खुशी का संदेश देती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# जयंत चौधरी का बड़ा संगठनात्मक दांव गांव-वार्ड तक बनेगी 'टीम आरएलडी'

## 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों को धार, हर मतदाता तक पहुंच बनाने पर रहेगा फोकस



### 'टीम आरएलडी' की प्रमुख जिम्मेदारियां

- गांव और वार्ड स्तर पर संगठन का विस्तार।
- प्रत्येक क्षेत्र में संपर्क सूत्र और सक्रिय कार्यकर्ताओं की नियुक्ति।
- मतदाताओं से नियमित संवाद और जनसंपर्क।
- बूथ स्तर तक मजबूत चुनावी नेटवर्क तैयार करना।
- मतदान दिवस पर अधिकतम मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करना।

**नई दिल्ली, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय लोक दल ने वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी के नेतृत्व में नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में 'टीम आरएलडी' के गठन की घोषणा की गई। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय, प्रदेश और जिला स्तर के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों तथा संगठन प्रभारियों ने भाग लिया। इस दौरान आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति, संगठनात्मक मजबूती और जनसंपर्क अभियान को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

बैठक के बाद पार्टी ने बताया कि 'टीम आरएलडी' एक समर्पित सहायक संगठन के रूप में कार्य करेगी, जिसका मुख्य उद्देश्य गांव और वार्ड स्तर पर जनसंपर्क बढ़ाना तथा संगठन को अधिक प्रभावी और सक्रिय बनाना होगा। यह टीम राज्य कमांड से लेकर जिला, विधानसभा, गांव और वार्ड स्तर तक एक सुव्यवस्थित एवं जवाबदेह ढांचे में काम करेगी।

योजना के अनुसार प्रत्येक गांव और वार्ड में एक जिम्मेदार संपर्क सूत्र तथा सक्रिय कार्यकर्ताओं की नियुक्ति की जाएगी। ये कार्यकर्ता मतदाताओं के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखेंगे और पार्टी तथा जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करेंगे। पार्टी का मानना है कि मजबूत जमीनी नेटवर्क ही चुनावी सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि लोकतंत्र में प्रत्येक वोट का महत्व है। पार्टी नेतृत्व ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे मतदान के दिन प्रत्येक पात्र मतदाता तक पहुंच सुनिश्चित करें और उन्हें मतदान केंद्र तक लाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। साथ ही चुनाव तक अनुशासित और निरंतर जनसंपर्क अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए। जयंत चौधरी ने संगठन के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से कहा कि जनता के बीच लगातार सक्रिय रहकर उनकी समस्याओं को समझना और पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाना ही आने वाले चुनावों में सफलता का आधार बनेगा।

# जयंत चौधरी के निर्देशन में 'टीम आरएलडी' का गठन गाजियाबाद की कमान अरुण चौधरी भुल्लन को

## 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटा राष्ट्रीय लोकदल, गांव-वार्ड स्तर तक संगठन विस्तार का लक्ष्य

**टीम आरएलडी प्रत्येक गांव और वार्ड तक संगठन का विस्तार करेगी**

**नई दिल्ली, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत सरकार में केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित 25 तुगलक रोड आवास पर हस्तिनापुर क्षेत्र, मेरठ तथा सहारनपुर मंडल के प्रमुख पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई। बैठक में आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव-2027 को लेकर संगठनात्मक रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में जयंत चौधरी के निर्देशन में टीम आरएलडी के गठन की घोषणा की गई।



यह टीम प्रदेश भर में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, नए सदस्यों को जोड़ने और सक्रिय कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां तय करने का कार्य करेगी। टीम आरएलडी सीधे राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के संपर्क और मार्गदर्शन में कार्य करेगी। बैठक में गाजियाबाद जिले के लिए अरुण चौधरी भुल्लन को जिला संयोजक नियुक्त किया गया। जिला संयोजक बनाए जाने पर अरुण चौधरी भुल्लन ने जयंत चौधरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में कहा गया कि टीम आरएलडी प्रत्येक गांव और वार्ड तक संगठन का विस्तार करेगी तथा जनसंपर्क को मजबूत बनाते हुए पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को आम जनता तक पहुंचाएगी। संगठन के माध्यम से नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने और उन्हें सक्रिय भूमिका देने की भी योजना बनाई गई है। इस अवसर पर जयंत चौधरी के अलावा कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, टीम आरएलडी के संयोजक पी.के. सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष तिरसपाल मलिक, मंडल अध्यक्ष इंद्रवीर भाटी, सहकारिता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अमरजीत सिंह बिड्डी, अमरीश त्यागी, जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी, जिला संयोजक अरुण चौधरी भुल्लन, अंकुर त्यागी, सुमन चौधरी, नरेंद्र सिंह, आलोक चौधरी, अमित सहलोत, जयदीप सिंह और गौरव करोठिया सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

# गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने वाले को ही देंगे वोट : शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद






**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 81 दिवसीय 'गविष्ठ गौ रक्षार्थ धर्मयुद्ध महायात्रा' पर निकले जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती1008 महाराज का अल्प पड़ाव कविनगर स्थित 'आपका भवन' में रहा।

वरिष्ठ समाज सेवी महेश कुमार आहूजा (संयोजक) एवं अरविंद भारद्वाज (सह-संयोजक) के नेतृत्व में हुए इस भव्य आयोजन में संत समाज सहित सैकड़ों श्रद्धालु उमड़े। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने अपने उद्बोधन में वस्त्रों की मर्यादा पर प्रकाश डालते हुए कहा, हमें अपने आचार-व्यवहार और अंतर्मन की दशा के अनुरूप ही वस्त्र धारण करने चाहिए। यदि कोई संन्यासी के वस्त्र धारण करता है, तो उसका आचरण और उच्चारण भी उच्च कोटि का होना चाहिए, किसी राजनेता या व्यापारी जैसा नहीं।

कार्यक्रम में उपस्थित संतों, जिनमें यति नरसिंहानंद महाराज भी शामिल रहे, ने गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित कराने के लिए शंकराचार्य के प्रयासों की सराहना की। महाराज के विचारों से प्रभावित होकर उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने दोनों हाथ उठाकर संकल्प लिया कि वे आगामी चुनावों में उसी राजनेता या राजनीतिक दल को अपना मत देंगे, जो गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करवाएगा। इस अवसर पर कर्नल टी.पी. त्यागी, सुरेश रैना, उदिता त्यागी, पूर्व भाजपा महानगर अध्यक्ष ओमदत्त शर्मा और पार्षद अजय शर्मा सहित भारी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# गुरु अर्जुन देव जी की शहादत को किया नमन, लंगर सेवा में दिया सहयोग



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस के अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में आरडब्ल्यूडब्ल्यूए के अध्यक्ष डी.के. गोयल, महामंत्री अमरीश त्यागी, कोषाध्यक्ष प्रभाकर त्यागी, मीडिया प्रभारी सुनील दत्त, समाजसेवी सुनील सिंघल कुशाग्र तथा क्षेत्र के सभासद प्रवीण चौधरी ने गुरुद्वारा कमेटी के महामंत्री सरदार सुरेंद्र जीत सिंह और कोषाध्यक्ष गुलशन अनेजा के साथ लंगर सेवा में सहयोग किया।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने गुरु अर्जुन देव जी के बलिदान, त्याग एवं मानवता की सेवा के आदर्शों को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।

वक्ताओं ने कहा कि गुरु अर्जुन देव जी का जीवन समाज को सेवा, समर्पण और धर्म के प्रति अटूट निष्ठा का संदेश देता है। कार्यक्रम का समापन संगत के लिए आयोजित लंगर सेवा के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# वैशाली पुलिया पर चला ट्रैफिक जागरूकता अभियान नियम तोड़ने वालों के काटे चालान





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से गुरुवार को इंदिरापुरम क्षेत्र की ग्रीन बेल्ट वैशाली पुलिया पर विशेष ट्रैफिक अवेयरनेस अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे से 11 बजे तक यातायात निरीक्षक संजीव सिंह चौहान और कुलदीप कुमार के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिस टीम द्वारा आयोजित किया गया।

अभियान के दौरान ट्रैफिक मित्र मुकेश जौहरी एवं उनके सहयोगियों ने वाहन चालकों से संवाद कर उन्हें सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। वाहन चालकों को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट लगाने, गलत दिशा (रॉन्ग साइड) में वाहन न चलाने तथा अन्य यातायात नियमों का पालन करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। यातायात पुलिस ने नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चालान भी किए। अधिकारियों ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए ऐसे जागरूकता अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# एसीपी कोतवाली ने की शांति समिति की बैठक मोहर्रम पर कानून पालन की अपील





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** आगामी त्योहारों के मद्देनजर क्षेत्र में शांति, सौहार्द और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से गुरुवार को थाना कोतवाली नगर परिसर में शांति समिति (पीस कमेटी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसीपी कोतवाली नगर उपासना पाण्डेय ने की। उन्होंने क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं एवं समिति के सदस्यों से संवाद करते हुए आगामी मोहर्रम सहित सभी त्योहारों को आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान कानून का पूर्ण पालन किया जाए, किसी भी प्रकार की अफवाह या विवाद की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना दी जाए। एसीपी उपासना पाण्डेय ने कहा कि गाजियाबाद पुलिस शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए पूरी तरह सतर्क है। त्योहारों के दौरान संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी और कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में शहर कोतवाल सचिन कुमार भी मौजूद रहे। उन्होंने स्थानीय लोगों से पुलिस का सहयोग करने और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। बैठक के दौरान उपस्थित लोगों ने भी पुलिस को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया और शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए सुझाव साझा किए।

# अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश, दो शातिर गिरफ्तार

## दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय गैंग के तीन सदस्य अभी फरार




**लिंक रोड पुलिस ने चोरी की दो कारें बरामद कीं**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** वाहन चोरी की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना लिंक रोड पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का खुलासा करते हुए दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

उनके कब्जे से दिल्ली और गाजियाबाद से चोरी की गई दो चार पहिया गाड़ियां बरामद हुई हैं। गिरोह के तीन अन्य सदस्य अभी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। एसीपी साहिबाबाद अमित सक्सेना ने बताया कि वाहन चोरी की घटनाओं के खुलासे और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना लिंक रोड पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि वाहन चोर गिरोह के सदस्य चोरी की गाड़ियों को ठिकाने लगाने की फिराक में हैं। सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

थाना प्रभारी लिंक रोड रविंद्र पंत ने बताया कि 5 जून को सूर्यनगर के रामपुरी निवासी श्यामबीर ने अपनी मारुति स्विफ्ट कार चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

मामले की जांच के दौरान पुलिस टीम लगातार सुरागरसी कर रही थी। 17 जून को चेकिंग के दौरान पुलिस ने मेरठ निवासी कमरयाब और गाजियाबाद निवासी सहदेव को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों ने वाहन चोरी की कई घटनाओं में शामिल होने की बात स्वीकार की।पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से बरामद मारुति स्विफ्ट कार रामपुरी, गाजियाबाद से चोरी की गई थी, जबकि मारुति अर्टिगा कार दिल्ली के यमुना विहार क्षेत्र से चोरी की गई थी। गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपियों ने दोनों वाहनों की नंबर प्लेट रास्ते में ही उतारकर फेंक दी थी। पुलिस ने चेसिस और इंजन नंबर के आधार पर वाहनों की पहचान सुनिश्चित की।

### खर्चा चलाने के लिए करते थे चोरी



**करंट क्राइम :** पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि आर्थिक तंगी और कर्ज के दबाव के चलते वे वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। चोरी की गाड़ियों को गिरोह के अन्य सदस्यों के माध्यम से पश्चिमी उत्तर प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों में बेच दिया जाता था। पुलिस का मानना है कि गिरोह लंबे समय से दिल्ली-एनसीआर और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सक्रिय था। पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरोह के सदस्य कासिम, नूर कुमार उर्फ गंगड़ और हसीन अभी फरार हैं। इनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों और चोरी के वाहनों की खरीद-फरोख्त के नेटवर्क की भी जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी कमरयाब के खिलाफ दिल्ली, मेरठ और गाजियाबाद में वाहन चोरी और चोरी का माल बरामद होने से जुड़े एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। वहीं सहदेव पर दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में करीब तीन दर्जन आपराधिक मामले दर्ज बताए गए हैं।

# ग्राम शेरपुर में प्रथम विधिक साक्षरता शिविर का उद्घाटन

## ग्रामीणों को निःशुल्क विधिक सेवाओं एवं अधिकारों की दी गई जानकारी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ की माननीय सदस्य सचिव डॉ. मनु कालिया (एच.जे.एस.) द्वारा जनपद गाजियाबाद की तहसील मोदीनगर के अंतर्गत ग्राम शेरपुर में आयोजित प्रथम विधिक साक्षरता शिविर का शुभारम्भ किया गया। उक्त शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजियाबाद की सचिव नेहा बनौधिया के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में ग्राम शेरपुर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, वरिष्ठ नागरिक, महिलाएं, ग्राम प्रधान तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने सहभागिता की। शिविर के माध्यम से उपस्थित नागरिकों को निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, महिला एवं बाल अधिकार, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, विभिन्न सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं एवं सेवाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

अपने संबोधन में माननीय सदस्य सचिव डॉ. मनु कालिया ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर ग्रामीण एवं वंचित समुदायों तक न्याय की सहज एवं सुलभ पहुँच सुनिश्चित करना है। उन्होंने महिलाओं को उनके संवैधानिक एवं विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया तथा उपस्थित महिलाओं द्वारा पूछे गए विभिन्न विधिक एवं सामाजिक विषयों से संबंधित प्रश्नों का विस्तारपूर्वक उत्तर दिया।

कार्यक्रम में रीता सिंह, न्यायाधीश, स्थायी लोक अदालत, गाजियाबाद; नेहा बनौधिया, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजियाबाद; उपजिलाधिकारी (मजिस्ट्रेट), मोदीनगर; तहसीलदार, मोदीनगर; जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्तागण, पैरा लीगल वालंटियर्स तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। शिविर के दौरान ग्रामीणों को विभिन्न विधिक विषयों पर विधिक परामर्श प्रदान किया गया तथा उन्हें अवगत कराया गया कि आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सदैव तत्पर है। यह विधिक साक्षरता शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में विधिक जागरूकता को बढ़ावा देने तथा आमजन को न्यायिक सेवाओं से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा। कार्यक्रम में उपस्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजियाबाद के प्रतिनिधिगण एवं अधिवक्तागण सलूजा कोसिक, सदस्य, स्थायी लोक अदालत (पी.एल.ए.)। मुख्य बचाव पक्ष अधिवक्ता किरण पाल सिंह। उप बचाव पक्ष अधिवक्ता अजीत कुमार हांडा, कमल किशोर एवं सुनीता सिंह। सहायक बचाव पक्ष अधिवक्ता सुअनिता प्रजापति, विचित्र वीर सिंह एवं आनंद प्रकाश सिंह।

पैनल अधिवक्ता संजय मुद्गल, अरुण कुमार डागर, सुसंगीता, सुसुमन कुमारी एवं सुअमिता रानी। पैरा लीगल वालंटियर्स (पी.एल.वी.) तुषार शर्मा, दुर्गेश शर्मा एवं सुजया कश्यप।

# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का 3 दिवसीय आयोजित शिविर सफलतापूर्वक संपन्न



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा जनसाधारण की सहूलियत एवं , लंबित मामलों के समयबद्ध समाधान हेतु, एक मुश्त समाधान योजना और मधुबन बापूधाम प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आयोजित विशेष शिविर संपन्न।

तीन दिवसीय शिविर के दौरान आम जनता और आवंटियों द्वारा भरपूर भाग लिया गया और उनकी तरफ से बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली।

शिविर के समापन पर कुल प्रगति का अंतिम विवरण निम्नवत है:- एकमुश्त समाधान योजना योजना के अंतर्गत नवीन आवेदन ऑनलाइन माध्यम से कुल 18 नए आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से 12 प्रकरणों को स्वीकृत किया गया।

प्रधानमंत्री आवास योजना (मधुबन बापूधाम:- रजिस्ट्री कैंप) : योजना के अंतर्गत आवंटियों के पक्ष में निष्पादित होने वाली रजिस्ट्री प्रक्रिया को गति देने के लिए आयोजित विशेष कैंप के परिणाम उत्साहजनक रहे, जिसमें रजिस्ट्री हेतु कुल 11 पत्र प्राप्त हुए हैं, जिन पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही के उपरांत 4 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इस शिविर को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी आवंटिओ को प्राधिकरण की ओर से सधन्यवाद।




# सड़क, बिजली, पानी और रोजगार जैसे बुनियादी मुद्दों पर केंद्र सरकार ने व्यापक कार्य किए : बृजेश पाठक

## '12 साल विकास के विश्वास के' जनकल्याण अभियान के अंतर्गत सफाई कर्मचारी सम्मान समारोह आयोजित







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के भगवान महर्षि वाल्मीकि पार्क में '12 साल विकास के विश्वास के' जनकल्याण अभियान के अंतर्गत महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में सफाई कर्मचारी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक का आगमन हुआ। अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं तथा पिछले 12 वर्षों में गरीबों के उत्थान के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत करोड़ों गरीब परिवारों को आवास उपलब्ध कराने का कार्य किया गया है तथा जरूरतमंदों तक योजनाओं का लाभ निष्पक्षता से साथ पहुंचाया गया है। उन्होंने उज्ज्वला योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि मुफ्त गैस कनेक्शन मिलने से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को चूल्हे के धुएं से होने वाली बीमारियों से राहत मिली है और यह योजना महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुई है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के दौरान प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना सहित अन्य खाद्य सुरक्षा कार्यक्रमों के माध्यम से करोड़ों लोगों तक मुफ्त राशन पहुंचाया गया, जिससे गरीब परिवारों को जीवनयापन में बड़ी



सहायता मिली। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व की प्रमुख और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। निर्यात, तकनीक और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में देश निरंतर प्रगति



कर रहा है। सड़क, बिजली, पानी और रोजगार जैसे बुनियादी मुद्दों पर केंद्र सरकार ने व्यापक कार्य किए हैं तथा भारत वर्ष 2047 तक विकसित एवं शिक्षित भारत बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पूर्व प्रदेश में माफिया और गुंडाराज का माहौल था, जबकि योगी सरकार के गठन के बाद महिलाओं, व्यापारियों, उद्योगपतियों, किसानों और मजदूरों को भयमुक्त वातावरण मिला है तथा प्रदेश में माफिया और जंगलराज पर प्रभावी अंकुश लगाया गया है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री नरेंद्र कश्यप ने भी प्रदेश सरकार की विकास एवं गरीब कल्याण संबंधी योजनाओं की जानकारी दी।

कार्यक्रम में सदर विधायक संजीव शर्मा, महापौर सुनीता दयाल, पूर्व महानगर अध्यक्ष अजय शर्मा एवं अमरदत्त शर्मा, मंडल अध्यक्ष महिमा गुप्ता, महानगर महामंत्री गौरव चोपड़ा, पंकज भारद्वाज, प्रदीप चौहान, राजन आर्य, सचिन डेढ़ा, महानगर मीडिया प्रभारी नीरज शर्मा सहित अनेक वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### स्वागत



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के गाजियाबाद आगमन पर नगर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर दोनों ने केन्द्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों पर चर्चा की।

### स्वागत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री जी के 12 साल विकास के, विश्वास के और जनकल्याण के अंतर्गत आयोजित नगर निगम के सफाई मित्रों का सम्मान समारोह कार्यक्रम में आये मुख्य अतिथि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का भाजपा के सरदार एसपी सिंह ने स्वागत किया।

# एफआईआर न होने पर कोर्ट से न्याय दिलाएगी बीएनएसएस की धारा 175(3): एडवोकेट संजय कश्यप

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** यदि पुलिस थाने या उच्च अधिकारियों के पास गुहार लगाने के बाद भी पीड़ित की एफआईआर दर्ज नहीं होती है, तो नए कानून में इसका सीधा समाधान है। यह जानकारी गाजियाबाद सिविल कोर्ट के चेंबर नंबर 988 से एडवोकेट संजय कुमार कश्यप ने दी। उन्होंने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 की धारा 175(3) मजिस्ट्रेट को पुलिस जांच का आदेश देने की विशेष शक्ति देती है। यदि पीड़ित व्यक्ति ने पहले थाने और फिर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी (एसपी या पुलिस कमिश्नर) को शिकायत दी, लेकिन फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो वह सीधे मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रार्थना



पत्र दे सकता है। एडवोकेट कश्यप के अनुसार, यह प्रार्थना पत्र शपथ पत्र के साथ होना अनिवार्य है। मजिस्ट्रेट मामले की आवश्यक पूछताछ करने और पुलिस की रिपोर्ट पर विचार करने के बाद, संबंधित थाने को तुरंत एफआईआर दर्ज कर जांच करने का आदेश दे सकते हैं।

# व्यापारी हितों की लड़ाई में फिर आगे आए अभिषेक गर्ग

## गोविंदपुरम की बाबा मार्केट में आग लगने से प्रभावित व्यापारियों से मिले सपा प्रदेश सचिव




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गोविंदपुरम स्थित बाबा मार्केट में शॉर्ट सर्किट के कारण पांच दुकानों में आग लगने की सूचना मिलते ही समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग मौके पर पहुंचे और प्रभावित व्यापारियों से मुलाकात कर नुकसान की जानकारी ली। अभिषेक गर्ग ने व्यापारियों का हालचाल जानने के साथ उन्हें हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में वह पूरी मजबूती के साथ व्यापारी भाइयों के साथ खड़े हैं और किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता होने पर हमेशा उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने प्रशासन से भी प्रभावित व्यापारियों को उचित राहत एवं सहायता उपलब्ध कराने की मांग की।

अभिषेक गर्ग ने कहा कि आग की घटना से जिन परिवारों और व्यापारियों को नुकसान हुआ है, उनकी भरपाई के लिए सरकार और प्रशासन को संवेदनशीलता के साथ कदम उठाने चाहिए। मौके पर मौजूद व्यापारियों ने अभिषेक गर्ग के त्वरित पहुंचने और उनका मनोबल बढ़ाने के लिए आभार व्यक्त किया।

आग की घटना के बाद क्षेत्र में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल रहा, जबकि दमकल विभाग ने समय रहते आग पर काबू पा लिया।

### 'व्यापारियों का दुख मेरा दुख है' : अभिषेक गर्ग

**करंट क्राइम।** सपा प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग ने कहा कि व्यापारियों की मेहनत से ही बाजार और शहर की अर्थव्यवस्था चलती है। किसी भी व्यापारी पर संकट आने पर समाजवादी पार्टी उनके साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने प्रभावित दुकानदारों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं को प्रशासन के समक्ष मजबूती से उठाया जाएगा।

# राजकुमार गोयल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी गाजियाबाद में 21 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 18 जुलाई 2026 को राजकुमार गोयल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी गाजियाबाद में 21 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ संस्थान के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश एवं एनसीआर के लगभग 40 इंजीनियरिंग कॉलेज के 200 से अधिक विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।

कार्यक्रम का प्रारंभ माँ सरस्वती की वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में समर कैंप के संयोजक एवं कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के विभाग अध्यक्ष डॉ अमित सिंघल ने सभी का स्वागत किया। छात्रों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने बताया कि सीएसई विभाग 2026 से एनबीए मान्यता प्राप्त हो गया है।

संस्थान के निदेशक डॉ. बी.सी. शर्मा ने बताया कि इंडस्ट्री में बढ़ती हुई डिमांड को देखते हुए संस्थान ने घोषणा की है कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 में सिविल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में प्रवेश लेने वाली सभी छात्राओं को पूरे चार वर्षों तक 100 प्रतिशत ट्यूशन फीस छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। संस्थान के डीन डॉ आर के यादव ने छात्रों को पूरे अनुशासन के साथ कार्यक्रम में सीखने के लिए प्रेरित किया जिससे वह अधिक से अधिक तकनीकी जानकारी प्राप्त कर सके और भविष्य में अपने रोजगार को सुरक्षित कर सकें। कार्यक्रम के संचालन में विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ प्रमोद कुमार सागर का अहम योगदान एवं सहयोग रहा कॉलेज के वाइस चेयरमैन श्री अक्षत गोयल जी, ग्रुप एडवाइजर डॉ लक्ष्मण प्रसाद, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ डी के चौहान, डीन स्टूडेंट वेल्फेयर के श्री एच जी गर्ग एवं डॉ रामेंद्र सिंह ने इस तकनीकी कैंप के आयोजन के लिए कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग को शुभकामनाये दी।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** काटे नहीं कट रहे मेरे दिन और रात? इसलिए मैं कह रहा हूं आपसे दिल की बात? मुझे पता है मेरे चांसेज युवा मोर्चा का अध्यक्ष बनने के बहुत कम हैं? फिर भी मैं हर पल उनके पीछे रहता हूं साहब? क्योंकि किसी ने खूब कहा है 'बैठा हूं समुंदर के किनारे, कभी तो लहर आयेगी, किस्मत खुले ना खुले कम से कम चप्पल तो धुल ही जायेगी'?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** डिप्टी सीएम के कार्यक्रम का दिख रहा था पूरा शोर? मगर करने वाले कर नहीं पा रहे थे भगवा कंडेरा के शब्दों को इग्नोर? ये व्यक्ति जहां जा रहा था वहीं पर कर रहा था एक जैसी बात? बोल रहा था मैंने प्रदेश अध्यक्ष से की है विशेष मुलाकात? मैंने खींचा है उनका इस बात पर ध्यान? इस बार इनमें से किसी को नहीं? विधानसभा चुनाव में किसी और को टिकट देना श्रीमान? कंडेरा ना कराया नमी के मौसम में पूरी गर्मी का एहसास? जैसे ही आया उनके प्रिय रूद्र का नाम? आ गई उनके चेहरे पर मुस्कुराहट?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नगर निगम के एक ओबीसी पॉपूलर मैम्बर ने कर ली है स्वास्थ्य, निर्माण और यूनीपोल से जुड़े मामलों की पूरी फाईल तैयार? सुना है इस फाईल में 100 पन्नों से ज्यादा मैटर किया गया है तैयार? उन्होंने केन्द्र में अपनी फाईल को भेजने की बना ली है योजना? ना जाने वो कौन सा मामला चाहते हैं खोजना? जो भी हो इन दिनों दिख रहे हैं वो जख्मी शेर? बगिया में उनकी उनके हिसाब से नहीं उग पा रहे हैं बेर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा नामित इन दिनों दे रहे हैं मानवता का संदेश खास? पहले सुमन जाटव ने दिल्ली पहुंच कर राय जी के लिए रक्तदान किया? कुछ इसी तरह से निभाया है अब श्याम शर्मा और अंकुश अरोड़ा ने भी अंदाज? उन्होंने भी किया है ये नेक काम? करके आये हैं दोनों रक्तदान? दे दिया है इन्होंने ये भी संदेश? जहां जो भी जरूरत होगी? वहां हम खड़े मिलेंगे श्रीमान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम डिप्टी सीएम पाठक जी के बहुत से कार्यक्रमों में मौजूद थे साहब? मगर हम देख रहे थे कि वो काफी ज्यादा दे रहे थे भगवा कमांडर को भाव? इतना ही नहीं उन्होंने कई बार अपने मुख से पुकारा पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी का नाम? दिया उनसे पुराने संबंधों का पैगाम? कहने वाले ने कहा कि उनका ये लगाव देखकर काफी लोग थे हैरान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** एक मौहल्ले में जहां एक नामित और निर्वाचित पार्षद के बीच चल रही है क्रेडिट वॉर की लड़ाई? देखना अब दो दिन में एक दूसरे मौहल्ले में कुछ और ही संदेश देखा दिखाई? इस मौहल्ले में ये नामित और निर्वाचित पार्षद एक साथ फोड़ेंगे नारियल? देंगे आपसी एकता का सभी को पैगाम? कहने वाले ने कहा बस मन बड़ा करने की देर होती है? हो जाते हैं फिर सारे काम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम भाजपा नेता पंकज शर्मा के मंत्री मनोज पांडेय के स्वागत वाले कार्यक्रम की तैयारियों पर रख रहे हैं पल-पल की नजर? यूं तो पंकज शर्मा के साथ उनके हर बिरादरी के दोस्त हैं? मगर जब से उन्होंने स्वागत वाले कार्यक्रम का मोर्चा संभाला है? तब से बिरादरी के बहुत सारे ब्रदर इस आयोजन की सफलता को लेकर कर रहे हैं फिक्र? कहने वाले ने कहा इन तैयारियों को देखकर हो रहा है हमको अब भविष्य की छुपी हुई योजना का एहसास? बिरादरी फैक्टर पर कहीं पंकज भैया करा तो नहीं रहे हैं अपनी विधानसभा वाली दावेदारी का एहसास?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवागढ़ के एक विधायक गृहमंत्री का समय लेने का कर रहे हैं प्रयास? एचएम उनके कार्यक्रम में आये, कुछ ऐसे हैं उनके दिल के जज्बात? मगर पता चला है फिलहाल नहीं मिला है उन्हें मुलाकात का टाईम? अगर मुलाकात के साथ एचएम का कार्यक्रम में आना फिक्स हो गया? तो फिर समझ लो विधायक जी का मामला हो जायेगा 2027 तक फाईन?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** युवा मोर्चा वाली दौड़ में युवा चौधरी के चेहरे पर ही आनी है बहार? सुना है योद्धा अक्सर करते दिखते हैं इस चेहरे की मेहनत पर विचार? कहने वाले ने कहा इस युवा का मामला है अब पूरी तरह से फिट? कभी भी हो सकती है इनकी स्टोरी हिट? इस मोहब्बत के सामने अब डाल दिये हैं बाकी दावेदारों ने हथियार? उन्हें एहसास हो गया है अब हद से ज्यादा उछल कूद करना है बेकार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** यूं तो मुस्कुराकर दिखाते हैं अपना सबसे लगाव? मगर जब आती है कार्यक्रमों की बात? वो देते हैं सिर्फ और सिर्फ अपने तीनों महानमंत्रियों को ही भाव? कहने वाले ने कहा उनकी टीम में मंत्री से लेकर उपाध्यक्ष तक हैं काफी संख्या में विराजमान? कभी कभी इनको भी तो देकर देखें वो कमान? अब कोई खुलकर तो कुछ नहीं कहता है? मगर अंदर से है कई चेहरे परेशान?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# समाज सेवा केवल कार्य नहीं, मानवता के प्रति हमारी जिम्मेदारी : राजा भैया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** वरिष्ठ समाजसेवी राजा भैया ने समाज सेवा को मानवता की सच्ची पहचान बताया है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक कार्य नहीं, बल्कि समाज के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी है, जिसका मूल उद्देश्य जरूरतमंदों की सहायता करना और सकारात्मक बदलाव लाना है। राजा भैया ने शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्रों में समाज सेवा के विशेष महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि असहाय लोगों की मदद करने से समाज में भाईचारे और सहयोग की भावना मजबूत होती है। एक सुखी, समृद्ध और जागरूक समाज के निर्माण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी क्षमता के अनुसार समाज कल्याण में योगदान देना चाहिए।

# विकसित भारत का संकल्प देश को बनाएगा आत्मनिर्भर और शक्तिशाली: मनवीर पवार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** भाजपा किसान मोर्चा (महानगर गाजियाबाद) के पूर्व महामंत्री मनवीर पवार ने 'विकसित भारत' अभियान पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इसे देश को आत्मनिर्भर, समृद्ध और शक्तिशाली राष्ट्र बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। मनवीर पवार ने कहा कि भाजपा सरकार के नेतृत्व में बुनियादी ढांचे, डिजिटल तकनीक, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्रों में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। यह अभियान हर नागरिक के जीवन स्तर को बेहतर बनाने और भारत को विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल करने का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। उन्होंने जोर दिया कि विकसित भारत का यह सपना सुशासन और जनभागीदारी से तेजी से साकार हो रहा है।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष विकास और सुशासन की नई मिसाल: रनिता सिंह



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** भाजपा की महानगर उपाध्यक्ष रनिता सिंह ने केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता की एक नई दिशा पकड़ी है, जिससे वैश्विक स्तर पर भारत का मान बढ़ा है। रनिता सिंह ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में गरीबों के लिए आवास, शौचालय, गैस कनेक्शन और मुफ्त राशन जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों का जीवन संवारा है। इसके साथ ही देश में एक्सप्रेसवे, आधुनिक रेलवे और डिजिटल सेवाओं का ऐतिहासिक विस्तार हुआ है। भ्रष्टाचार पर कड़े अंकुश और पारदर्शी शासन के बल पर भारत आज दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होकर तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है।

# समाज सेवा ही राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव : सोशल चौकीदार के.के. शर्मा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 'सोशल चौकीदार' के रूप में पहचान रखने वाले वरिष्ठ समाजसेवी के.के. शर्मा ने समाज सेवा को सबसे बड़ा धर्म और मानवता की सच्ची पहचान बताया है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का यह कर्तव्य है कि वह जरूरतमंद, असहाय और वंचित लोगों की सहायता के लिए आगे आए। के.के. शर्मा ने कहा कि समाज सेवा केवल आर्थिक मदद तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्रों में योगदान देना भी इसका महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने जोर दिया कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने सामर्थ्य के अनुसार समाज हित में कार्य करे, तो एक स्वस्थ, सुरक्षित और समृद्ध समाज का निर्माण संभव है। जागरूक नागरिकों को अपने आसपास की समस्याओं को समझकर उनके समाधान में अपनी भागीदारी करनी चाहिए।

# खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई, दूध एवं डेयरी उत्पादों के 7 नमूने जांच के लिए भेजे

**नोएडा (करंट क्राइम)।** जनपद गौतमबुद्ध नगर में आम नागरिकों को शुद्ध एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने गुरुवार को विभिन्न प्रतिष्ठानों पर जांच अभियान चलाकर दूध और दूध उत्पादों सहित सात नमूने संग्रहित किए। सभी नमूनों को परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। विभाग की इस कार्रवाई से दूध एवं डेयरी कारोबारियों में हलचल देखी जा रही है। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने बताया कि आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश, लखनऊ तथा जिलाधिकारी मेधा रूपम के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य जनमानस को निर्धारित मानकों के अनुरूप शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना है।

### चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# पांच दिवसीय मध्य प्रदेश दौरे पर राष्ट्रपति मुर्मू

## जनजातीय सशक्तिकरण और प्राकृतिक खेती का दिया संदेश

### जनजातीय युवाओं को शिक्षा और तकनीक से जोड़ना समय की जरूरतः राष्ट्रपति मुर्मू




**मध्यप्रदेश।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पांच दिवसीय मध्य प्रदेश दौरे पर इंदौर, बैतूल और ओंकारेश्वर पहुंचीं। बैतूल में उन्होंने जनजातीय सशक्तिकरण, आधुनिक शिक्षा, डिजिटल संसाधनों और प्राकृतिक खेती पर जोर दिया। दौरे के दौरान वे जबलपुर, ग्वालियर और कूनो नेशनल पार्क भी जाएंगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 18 से 22 जून तक पांच दिनी मध्य प्रदेश यात्रा पर गुरुवार सुबह इंदौर पहुंचीं।

यहां देवी अहिल्या विमानतल पर उनकी अगवानी राज्यपाल मंगु भाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की। यहां से वे बैतूल पहुंची। यहां उन्होंने प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा आयोजित आध्यात्मिक जागृति से जनजातीय समाज का सशक्तिकरण महासम्मेलन में भाग लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जनजातियों का प्रकृति से सामंजस्य आज दुनिया के प्रेरणादायी है। बैतूल के बाद राष्ट्रपति मुर्मू तीर्थनगरी ओंकारेश्वर पहुंचीं।

राष्ट्रपति मुर्मू ने बैतूल में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय संस्थान द्वारा आयोजित आध्यात्मिक जागृति से जनजातीय समाज का सशक्तिकरण महासम्मेलन में शिरकत की। इसे संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने जनजातीय समाज के समग्र विकास, सांस्कृतिक संरक्षण और पर्यावरणीय संतुलन पर आधारित विकास मॉडल की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि देश के जनजातीय समुदायों ने सदियों से प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर जीवन जिया है और यही परंपरा आज दुनिया के लिए प्रेरणा बन सकती है।

बदलते समय के साथ जनजातीय युवाओं को आधुनिक शिक्षा, तकनीकी ज्ञान, कौशल विकास और डिजिटल संसाधनों से जोड़ना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि विकास की इस प्रक्रिया में उनकी सांस्कृतिक पहचान, परंपराएं और आध्यात्मिक मूल्य सुरक्षित रहना चाहिए।

### विशेष विमान से इंदौर आईं, हेलिकॉप्टर से बैतूल गईं

गुरुवार सुबह विशेष विमान से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दिल्ली से इंदौर आईं। विमानतल पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने उनका स्वागत किया। कुछ देर विमानतल पर रुकने के बाद वे वायुसेना के हेलिकॉप्टर से बैतूल के लिए रवाना हुईं। इंदौर एयरपोर्ट के पांच किलोमीटर क्षेत्र को नो-फ्लाइंग जोन घोषित किया गया था। उनका विमान सुबह 9:25 बजे एयरपोर्ट पहुंचा। राष्ट्रपति के मध्य प्रदेश दौरे से पहले मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट की, जिसमें लिखा कि संस्कृति, संस्कार और कला की पावन धरा मध्य प्रदेश में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का मध्य प्रदेशवासियों की ओर से हार्दिक स्वागत करता हूं।

### प्राकृतिक खेती भविष्य की जरूरत

राष्ट्रपति ने प्राकृतिक खेती को भविष्य की आवश्यकता बताते हुए कहा कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। ऐसे में प्राकृतिक खेती न केवल कृषि क्षेत्र को नई दिशा दे सकती है, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में दुनिया अनेक चुनौतियों, तनाव और संघर्षों का सामना कर रही है। ऐसे दौर में आध्यात्मिक मूल्यों, सामाजिक सद्भाव और प्रकृति के प्रति सम्मान की भावना मानवता को नई दिशा दे सकती है। महासम्मेलन में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उईके, प्रभारी मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन और बड़ी संख्या में जनजातीय समाज के लोग मौजूद रहे।

# हल्दीघाटी में जीवंत हुआ इतिहासः महाराणा प्रताप की जयंती पर गूंजे जयकारे, चेतक की याद में हुई प्रतियोगिता




**राजसमंद।** राजसमंद के ऐतिहासिक हल्दीघाटी में महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती मनाई गई। रक्ततलाई से अरण्य बाग तक निकली भव्य शोभायात्रा में युवाओं ने महाराणा प्रताप, झाला मान, भामाशाह, हकीम खां सूरी और भील वीरों का स्वरूप धारण कर इतिहास को जीवंत किया। राजसमंद के ऐतिहासिक स्थल हल्दीघाटी में महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर रक्ततलाई से अरण्य बाग तक एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें युवाओं ने महाराणा प्रताप, झाला मान, भामाशाह, हकीम खां सूरी और भील योद्धाओं का रूप धरकर गौरवशाली इतिहास को एक बार फिर जीवंत कर दिया। मेवाड़ की आन-बान-शान और भारतीय स्वाभिमान के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती गुरुवार को ऐतिहासिक हल्दीघाटी में श्रद्धा, गौरव और उत्साह के साथ मनाई गई। खमनोर स्थित रक्ततलाई से अरण्य बाग तक निकली भव्य शोभायात्रा में देशभक्ति और वीरता का अद्भुत संगम देखने को मिला।

### इतिहास के वीरों का सजीव चित्रण

शोभायात्रा में जय हल्दीघाटी नवयुवक मंडल के युवाओं ने महाराणा प्रताप, झाला मान, भामाशाह, हकीम खां सूरी तथा भील वीरों की पारंपरिक वेशभूषा धारण कर इतिहास के स्वर्णिम पलों को जीवंत कर दिया। पूरे मार्ग में 'महाराणा प्रताप अमर रहें' और 'जय मेवाड़' के जयघोष गूंजते रहे। अरण्य बाग पहुंचने पर जयंती समारोह का विधिवत शुभारंभ हुआ तथा तीन दिवसीय मेले की शुरूआत की गई। अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों ने महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया।

### युवाओं के लिए प्रेरणा बने महाराणा प्रताप

कार्यक्रम में इतिहासकार डॉ. चन्द्रशेखर शर्मा ने महाराणा प्रताप के अदम्य साहस, स्वाभिमान, राष्ट्रनिष्ठा और संघर्षपूर्ण जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

### चेतक की स्मृति में अश्व प्रतियोगिता

समारोह के दौरान महाराणा प्रताप के प्रिय अश्व चेतक की स्मृति में अश्व प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रभर के अश्व पालकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हल्दीघाटी की ऐतिहासिक धरती पर आयोजित यह आयोजन देशभक्ति, संस्कृति और विरासत संरक्षण का संदेश देता नजर आया। तीन दिवसीय मेले का समापन 19 जून को विभिन्न सांस्कृतिक एवं पारंपरिक कार्यक्रमों के साथ होगा।

# पाकिस्तानी लिंक वाले नार्को-टेरर नेटवर्क का भंडाफोड़ अमृतसर से जम्मू तक फैला था ड्रग्स का जाल



**जम्मू।** पंजाब के अमृतसर से गिरफ्तार कर जम्मू लाए गए तीन नशा तस्कर पाकिस्तान लिंक वाला एक हाई-प्रोफाइल नार्को-टेरर मॉड्यूल चला रहे थे। जम्मू जिले में सप्लाई होने वाले कुल नशीले पदार्थों की 80 फीसदी आपूर्ति अकेले इसी मॉड्यूल द्वारा की जा रही थी। इन तस्करों की गिरफ्तारी को पाकिस्तान से रची जा रही देश विरोधी साजिशों के खिलाफ जम्मू-कश्मीर पुलिस की एक बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक माना जा रहा है। पुलिस ने इनके कब्जे से एक एके-47 राइफल, एक पिस्टल, 11 कारतूस, डेढ़ किलो हेरोइन, 11 लाख रुपये कैश, मोबाइल फोन और लग्जरी गाड़ियां बरामद की हैं। ये सभी आरोपी जम्मू-कश्मीर में नशे के मुख्य सरगना लाहू गुज्जर के नेटवर्क की सबसे अहम कड़ी थे।

जम्मू जिले के तीन थानों की पुलिस ने पंजाब पुलिस के साथ एक संयुक्त ऑपरेशन चलाकर बुधवार को अमृतसर के ड्रीम सिटी स्थित एक फ्लैट में छापेमारी की थी। इस दौरान वहां से सूरजदीप सिंह उर्फ सूरज, हरप्रीत सिंह उर्फ राजू और जसप्रीत सिंह तीनों निवासी जिंदाला अमृतसर, पंजाब को गिरफ्तार किया गया। इनकी गिरफ्तारी का खुलासा करते हुए एसएसपी जम्मू जोगिंदर सिंह ने बुधवार को पुलिस लाइन में बताया कि नशा के सरगना लाहू गुज्जर से जुड़े मामलों की जांच में पंजाब से लिंक मिले थे। जांच में यह बात सामने आई थी कि चार आरोपी अपनी पहचान और नाम बदलकर जम्मू, सांबा और कठुआ जिलों में बड़े पैमाने पर नशा तस्करी का नेटवर्क चला रहे हैं। एसएसपी ने बताया कि पुलिस ने तस्करों को चिह्नित किया।

# कैबिनेट बैठक में आए 12 प्रस्ताव, पूर्ण साक्षर राज्य घोषित

## उपनल कर्मियों से जुड़ा बड़ा फैसला

**देहरादून।** धामी मंत्रिमंडल की बैठक में गुरुवार को कुल 12 प्रस्ताव आए। जिसमें कई अहम फैसले लिए गए। उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा संशोधन नियमावली 2026 को मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 12 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक की शुरूआत पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी और पद्मश्री निशानेबाज जसपाल राणा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखकर की गई। कैबिनेट ने उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा संशोधन नियमावली-2026 को मंजूरी दी, जिसके तहत संस्कृत विद्यालयों की मान्यता, पाठ्यक्रम निर्धारण और परीक्षा संचालन संबंधी व्यवस्थाओं में संशोधन किए जाएंगे। वहीं, उपनल कर्मचारियों के लिए समान कार्य-समान वेतन की कटऑफ तिथि 12 नवंबर 2018 से बढ़ाकर 15 अगस्त 2024 कर दी गई है।

### कैबिनेट के प्रमुख फैसले




- **संस्कृत शिक्षाः** उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा संशोधन नियमावली-2026 को मंजूरी, संस्कृत विद्यालयों की मान्यता, पाठ्यक्रम और परीक्षा व्यवस्था में संशोधन होंगे।
- **उपनल कर्मचारी :** समान कार्य-समान वेतन के लिए कटऑफ तिथि 12 नवंबर 2018 से बढ़ाकर 15 अगस्त 2024 की गई, जिससे अधिक कर्मचारियों को लाभ मिलेगा।
- **लोक निर्माण विभागः** मिडिल ईस्ट में युद्ध के कारण बढ़ी बिटुमेन की कीमतों पर नियंत्रण के लिए व्यवस्था बनाई जाएगी।
- **माध्यमिक शिक्षाः** राज्य को पूर्ण साक्षर घोषित करने का फैसला। सरकार के अनुसार प्रदेश की साक्षरता दर 98 प्रतिशत से अधिक है।
- **आबकारी विभाग :** होलोग्राम के दोहराव की स्थिति में दोहरा कर नहीं लगेगा, केवल एक बार टैक्स लिया जाएगा।
- **कृषि विभाग :** सगंध एवं हर्बल उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सेलाकुई स्थित सगंध केंद्र में मिलावट जांच की सुविधा विकसित होगी। इसके लिए पांच पद स्वीकृत किए गए।
- **पर्यटन :** अंतरराष्ट्रीय हिमालयन कार रैली के आयोजन को मंजूरी। आयोजन की जिम्मेदारी मद्रास की संस्था को दी जाएगी, जिसमें 50 अंतरराष्ट्रीय कारों के शामिल होने की संभावना है।
- **गृह विभाग :** उत्तराखंड कारागार नियमावली में संशोधन को मंजूरी।
- **गृह विभाग :** कारागार अधीनस्थ सेवा नियमावली को मंजूरी।
- **राज्य आंदोलनकारी :** अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की कनिष्ठ सहायक और पुलिस कांस्टेबल भर्ती-2024 में प्रमाण पत्र देरी से बनने वाले राज्य आंदोलनकारियों और उनके आश्रितों को दस्तावेज सत्यापन में एक बार राहत मिलेगी।
- **चारधाम यात्रा :** यात्रा में संचालित घोड़ा-खच्चरों के लिए सरकार 5 प्रतिशत बीमा दर के तहत सहायता राशि उपलब्ध कराएगी।
- **पशुपालन :** एम्ब्रियो ट्रांसफर तकनीक के माध्यम से दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए गौवंश आधारित पायलट परियोजना को मंजूरी दी गई।

# फर्जी वीडियो मामले पर बोले सीएम मान ये मैं नहीं; मेरे जैसा दिखने वाला कोई एक्टर

**पंजाब।** फर्जी वीडियो मामले में सीएम मान ने गुरुवार को वीडियो जारी किया। उन्होंने फॉरेंसिक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा मेरे खिलाफ सुनियोजित साजिश रची गई है।

फर्जी वीडियो मामले में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का बड़ा बयान आया है। उन्होंने कहा वायरल वीडियो में मैं नहीं, मेरे जैसा दिखने वाला कोई एक्टर है। सीएम मान ने कहा फॉरेंसिक जांच में 1191 फ्रेम की जांच हुई है। इनमें से एक भी फ्रेम मुझसे मेल नहीं खाता। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा मुझे बदनाम करने के लिए सुनियोजित साजिश रची गई है। उन्होंने डीजीपी को साजिशकर्ताओं की पहचान कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### सीएम मान ने किया तकनीकी विश्लेषण

वहीं, सीएम मान ने तकनीकी विश्लेषण को लेकर बयान देते हुए कहा फॉरेंसिक जांच में चेहरे, कद और शारीरिक बनावट में स्पष्ट अंतर पाया गया है। वीडियो में दिख रहे व्यक्ति की लंबाई करीब 5 फुट 10 इंच हैं। वहीं, सीएम की लंबाई 5 फुट 8 इंच है।



### आप के प्रतिनिधिमंडल ने डीजीपी से की मुलाकात

वहीं, फर्जी वीडियो मामले को लेकर आम आदमी पार्टी पंजाब के प्रतिनिधिमंडल ने पंजाब के डीजीपी से फर्जी वीडियो बनाने और फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा, आम आदमी पार्टी पंजाब के प्रधान अमन अरोड़ा, वरिष्ठ नेता, विधायक और पदाधिकारियों ने गुरुवार को डीजीपी से मुलाकात की।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेंट-गोबेन के सीईओ से की मुलाकात

## टेक्नोलॉजी के साथ निवेश-नवाचार पर भी फोकस

**पेरिस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस दौरे के दौरान सेंट-गोबेन के सीईओ बेनोइट बाजिन से मुलाकात की। वह पेरिस में विवाटेक 2026 सम्मेलन में भी हिस्सा लेंगे। यहां भारत एआई पार्टनर कंट्री है। प्रधानमंत्री भारत की डिजिटल और नवाचार क्षमताओं को दुनिया के सामने रखेंगे। साथ ही फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ साझा मंच पर तकनीकी सहयोग और निवेश बढ़ाने पर भी जोर देंगे।

जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तीन देशों के दौरे के अगले चरण में फ्रांस पहुंचे, जहां उन्होंने सेंट-गोबेन के चेयरमैन और मुख्य कार्यकारी अधिकारी बेनोइट बाजिन से मुलाकात की। पेरिस में हुई यह बैठक ऐसे समय हुई है जब भारत और फ्रांस के बीच निवेश, तकनीक और औद्योगिक सहयोग को नई गति देने पर जोर दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री का यह दौरा केवल कूटनीतिक बैठकों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका केंद्र बिंदु तकनीकी नवाचार, स्टार्टअप इकोसिस्टम और वैश्विक निवेश भी है। प्रधानमंत्री मोदी और बेनोइट बाजिन की मुलाकात को भारत और फ्रांस के बीच आर्थिक एवं औद्योगिक सहयोग के नजरिए से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सेंट-गोबेन दुनिया की प्रमुख औद्योगिक कंपनियों में गिनी जाती है और भारत में भी उसकी मजबूत मौजूदगी है। ऐसे में यह बैठक निवेश, विनिर्माण, हरित प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने की दिशा में अहम मानी जा रही है। भारत लगातार वैश्विक कंपनियों को निवेश के लिए आकर्षित करने की कोशिश कर रहा है और प्रधानमंत्री की यह बैठक उसी रणनीति का हिस्सा मानी जा रही है।



| पीएम मोदी किससे मिले? | कंपनी | पद |
|---|---|---|
| बेनोइट बाजिन | सेंट गोबेन | चेयरमैन और सीईओ |
| मार्टिन सियोन | एल्स्टॉम | सीईओ |
| आर्थर मेंश | मिस्ट्रल एआईसह | संस्थापक |

### कई प्रमुख वैश्विक कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से भी की मुलाकात

इस दौरान पीएम ने कई प्रमुख वैश्विक कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान निवेश, तकनीक, रेलवे आधुनिकीकरण और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में भारत में संभावनाओं पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री ने सेंट-गोबेन के चेयरमैन और सीईओ बेनोइट बाजिन से मुलाकात कर निर्माण और सामग्री क्षेत्र में निवेश तथा सतत विकास से जुड़े अवसरों पर विचार-विमर्श किया। बाजिन ने भारत में कंपनी के विस्तार और नए निवेश की योजनाओं की जानकारी दी।

प्रधानमंत्री मोदी ने एल्सटॉम के सीईओ मार्टिन सियोन से भी मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच रेलवे आधुनिकीकरण और मोबिलिटी सेक्टर में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। सियोन ने भारत में कंपनी के विस्तार की योजनाएं साझा कीं। इसके अलावा मोदी ने मिस्त्राल अकके सह-संस्थापक और सीईओ आर्थर मेंश से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने भारत के तेजी से बढ़ते अक इकोसिस्टम की संभावनाओं को रेखांकित किया। आर्थर मेंश ने भारत के साथ साझेदारी और भारतीय कंपनियों के साथ मिलकर नवाचार को बढ़ावा देने में गहरी रुचि जताई। प्रधानमंत्री का यह दौरा भारत को वैश्विक निवेश और तकनीकी नवाचार का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# भारत बोला- आधी आबादी के लिए नीति पर सरकार की जोर, प्रशासन में 10 लाख+ महिलाएं



**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत ने महिला सशक्तिकरण और शांति स्थापना में अपनी उपलब्धियों को रेखांकित किया। यहां भारत ने स्थानीय शासन में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी, महिला आरक्षण अधिनियम 2023 और संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में भारतीय महिला शांति रक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका को प्रमुखता से प्रस्तुत किया। भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (वठरउ) में महिला सशक्तिकरण और शांति स्थापना के क्षेत्र में अपनी बड़ी उपलब्धियों को गर्व से पेश किया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत हरीश पर्वतनेनी ने बताया कि भारत में स्थानीय शासन के स्तर पर 10 लाख से अधिक महिलाएं नेतृत्व कर रही हैं। स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें आरक्षित हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि 'महिला आरक्षण अधिनियम 2023' के साथ अब यह व्यवस्था भारतीय संसद में भी लागू होगी। राजदूत पर्वतनेनी ने कहा कि भारत का अनुभव बताता है कि जब महिलाओं को राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत बनाया जाता है, तभी स्थायी परिणाम मिलते हैं। भारत में महिलाओं ने हमेशा ऊंचे पदों की जिम्मेदारी संभाली है। देश में महिला सरकार प्रमुख और संसद की अध्यक्ष रही हैं। उन्होंने गर्व के साथ बताया कि वर्तमान में भारत की राष्ट्रपति भी एक महिला हैं। भारत सरकार 'महिला नेतृत्व वाले विकास' के मॉडल पर काम कर रही है।

### शांति अभियानों के क्षेत्र में भारत का रिकॉर्ड

शांति अभियानों के क्षेत्र में भी भारत का रिकॉर्ड शानदार रहा है। भारत पहला देश था जिसने लाइबेरिया में संयुक्त राष्ट्र मिशन के लिए पूरी तरह महिला पुलिस इकाई भेजी थी। इस कदम ने लाइबेरिया की हजारों महिलाओं को अपनी राष्ट्रीय पुलिस में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। वर्तमान में 160 से अधिक भारतीय महिला शांति रक्षक दुनिया के विभिन्न देशों में तैनात हैं। दिल्ली में भारतीय सेना का केंद्र 2016 से दुनिया भर की महिला सैन्य अधिकारियों को प्रशिक्षण दे रहा है। पिछले साल भारत ने 35 देशों की महिला शांति रक्षकों के लिए एक सम्मेलन भी आयोजित किया था।

# 11 दिन से कर्फ्यू जैसे हालात, रावलाकोट में लोगों का धरना पाकिस्तान की कार्रवाई पर उठे सवाल




**पाकिस्तान।** पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) एक बार फिर अशांति और विरोध प्रदर्शनों के कारण चर्चा में है। रावलाकोट समेत कई इलाकों में पिछले 11 दिनों से कर्फ्यू जैसे हालात बने हुए हैं, जबकि 10 दिनों से बंद और चक्का जाम जारी है। जम्मू कश्मीर जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेकेजेएएसी) का दावा है कि लोग अपने अधिकारों और मांगों को लेकर सड़कों पर हैं, लेकिन पाकिस्तान प्रशासन आंदोलन को दबाने के लिए सख्त कदम उठा रहा है। इस स्थिति ने पूरे क्षेत्र में सामान्य जनजीवन को प्रभावित कर दिया है।

रावलाकोट में आखिर लोग प्रदर्शन क्यों कर रहे हैं?

जेकेजेएएसी के अनुसार, रावलाकोट के चारों ओर शांतिपूर्ण धरने जारी हैं और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग आंदोलन का समर्थन कर रहे हैं। संगठन का कहना है कि प्रदर्शनकारी अपनी बुनियादी मांगों और अधिकारों को लेकर आवाज उठा रहे हैं। लगातार पाबंदियों और प्रशासनिक दबाव के बावजूद आंदोलन कमजोर नहीं पड़ा है। प्रदर्शनकारियों का दावा है कि जनता का समर्थन उन्हें लगातार मिल रहा है।

आंदोलनकारियों ने आरोप लगाया है कि नीलम घाटी से रावलाकोट पहुंचने वाले प्रदर्शनकारियों के काफिलों पर सुरक्षा बलों ने कार्रवाई की। हालांकि किसी भी व्यक्ति के हताहत होने की सूचना नहीं है। संगठन का दावा है कि गिरफ्तारियों, दबाव और सुरक्षा कार्रवाई के जरिए आंदोलन को रोकने की कोशिश की जा रही है। इसके बावजूद धरना स्थलों पर लोगों की मौजूदगी बनी हुई है। दैनिक जीवन और जरूरी सेवाओं पर कितना असर पड़ा है प्रदर्शनकारियों का कहना है कि सोनू क्षेत्र के पास रात में बैरिकेड लगाकर आवाजाही सीमित कर दी गई। उनका आरोप है कि कई वाहनों को दवाइयां, खाद्य सामग्री और अन्य जरूरी सामान लेकर क्षेत्र में प्रवेश नहीं करने दिया गया। इससे आम लोगों की परेशानी बढ़ी है। बंद के कारण बाजारों पर ताले लगे हैं, कई सड़कें बंद हैं और सार्वजनिक परिवहन भी प्रभावित हुआ है। जेकेजेएएसी ने स्पष्ट किया है कि आंदोलन शांतिपूर्ण रहेगा और तब तक जारी रहेगा जब तक लोगों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया जाता। दूसरी ओर, क्षेत्र में जारी पाबंदियों और विरोध प्रदर्शनों ने पाकिस्तान प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

# मॉस्को की तेल रिफाइनरी पर एक हफ्ते में दूसरा हमला

## जेलेंस्की बोले- अब जंग खत्म करने का समय

**यूक्रेन।** यूक्रेन ने एक सप्ताह में दूसरी बार मॉस्को की तेल रिफाइनरी पर ड्रोन हमला किया। वहीं, रूस ने 555 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराने का दावा किया। इसके साथ ही राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि अब जंग खत्म करने का समय आ गया है। यूक्रेन ने एक सप्ताह में दूसरी बार मॉस्को की एक तेल रिफाइनरी पर हमला किया। इसके कारण मॉस्को हवाई अड्डों पर वाणिज्यिक उड़ानों को बाधित किया। यह रूस द्वारा चार साल पहले किए गए आक्रमण के बाद से यूक्रेन के सबसे बड़े ड्रोन हमलों में से एक है। यह जानकारी एक रूसी अधिकारी ने दी।

रूस ने 555 यूक्रेन ड्रोन मार गिराए

रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी हवाई सुरक्षा ने रात भर में कई क्षेत्रों में 555 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया, जिनमें से लगभग 200 को रूसी राजधानी के पास आने से पहले ही रोक दिया गया। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने कहा कि कई ड्रोन ने शहर के दक्षिण-पूर्वी बाहरी इलाके में स्थित मॉस्को ऑयल रिफाइनरी पर हमला किया। रूसी परिवहन मंत्रालय ने कहा कि मॉस्को के चार हवाई अड्डों से उड़ानें रोक दी गई हैं। यह हमला यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के उस बयान के कुछ घंटों बाद हुआ, जिसमें उन्होंने कहा था कि उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ एक महत्वपूर्ण समन्वय वार्ता की थी, जिससे महत्वपूर्ण बदलाव आ सकता है। उन्होंने आगे कहा 'हाल के दिनों में, हमारे सभी सहयोगियों ने हमारे मध्यम दूरी के हमलों और दीर्घकालिक



### जी-7 सम्मेलन के बाद हुआ हमला

जेलेंस्की ने बुधवार को कहा कि उनके देश को फ्रांस में आयोजित जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले विश्व नेताओं से आगे समर्थन देने के महत्वपूर्ण वादे मिले हैं। पेरिस के पास स्थित वर्साय पैलेस से ट्रंप के साथ निकलते समय मैक्रोन ने पत्रकारों से कहा, 'पिछले कुछ दिन यूक्रेन के लिए बहुत महत्वपूर्ण थे क्योंकि ये यूक्रेन के इर्द-गिर्द जी7 का पुनर्मिलन है।'

मैक्रों ने कहा, 'और अब हम यूक्रेन को प्रतिरोध करने में मदद करने और आत्मरक्षा करने तथा जवाबी हमला करने की क्षमता विकसित करने के लिए आगे बढ़ते रहेंगे।' यह हमला ऐसे समय हुआ है जब राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन मॉस्को से 700 किलोमीटर (430 मील) पूर्व में स्थित कजान में हैं, जहां वे दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ के नेताओं की मेजबानी कर रहे हैं, क्योंकि रूस व्यापार और अन्य संबंधों को मजबूत करने की कोशिश कर रहा है।

# अमेरिका-ईरान के समझौते पर इस्राइल की नजर

## हिजबुल्लाह और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर जताई चिंता

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने अमेरिका और ईरान के बीच हुए 14 सूत्री 'इस्लामाबाद समझौते' को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने एक ट्वीट में लिखा 'अमेरिका और ईरान के बीच 14 सूत्री इस्लामाबाद समझौता ज्ञापन अब आधिकारिक रूप से जारी कर दिया गया है।'



सच यह है कि इसे इस्लामाबाद टडव कहा जा रहा है, जो पाकिस्तान की नई क्षेत्रीय हैसियत और वैश्विक प्रभाव को दिखाता है। यह वही पाकिस्तान है, जिसे नवंबर 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के बाद डॉ मनमोहन सिंह ने वैश्विक मंच पर अलग-थलग कर दिया था। यह प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति की विषयवस्तु और शैली, दोनों के लिए गंभीर झटका है। पाकिस्तान अब पश्चिम एशिया की भू-राजनीतिक और सुरक्षा संरचना में और अधिक गहराई से शामिल हो गया है, जिसके भारत के लिए गंभीर और बड़े निहितार्थ हैं।

टडव में ईरान के लिए बहुत महत्वपूर्ण और कुछ अप्रत्याशित लाभ भी हैं। ईरान ने अपना प्रतिरोध और जुझारूपन दिखाया है। ऋछउ देशों ने, जिन्होंने ईरान के जवाबी हमलों का पूरा भार झेला है, सावधानी के साथ टडव का स्वागत किया है, लेकिन वे निस्संदेह दूसरे देशों के साथ अपने संबंधों पर फिर से विचार करेंगे।

हालांकि वे अभी भी इसे अलग-अलग तरीकों से पटरी से उतार सकते हैं। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग पड़ गए हैं, यहां तक कि राष्ट्रपति ट्रंप ने भी उनके प्रति अपने गुस्से और निराशा को सार्वजनिक रूप से व्यक्त किया है। केवल पीएम मोदी ही इस क्षेत्र में पीएम नेतन्याहू की कार्रवाइयों-जिनमें लेबनान, गाजा और कब्जे वाला वेस्ट बैंक शामिल हैं -के समर्थन में दृढ़ बने हुए हैं।